**खबर संक्षेप**

## मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल का आयुक्त ने किया निरीक्षण



**शहडोल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 9 जून 2025 को जिले में प्रस्तावित कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुए कमिश्नर श्रीमती सुरभि गुप्ता ने ब्यौहारी कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर की जा रही तैयारियां का जायजा लिया तथा व्यवस्थाओं के संबंध में संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने ब्यौहारी में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के स्थल, मंच व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, सभा स्थल में बैठक व्यवस्था, सेफ हॉउस, ग्रीन हाउस, हेलीपैड स्थल का निरीक्षण किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिए।

**आयुक्त ने ली अधिकारियों की बैठक**

कमिश्नर श्रीमती सुरभि गुप्ता ने जनपद पंचायत ब्यौहारी कार्यालय के सभागार में खंड स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी अधिकारी सौपे गए दायित्वों का निर्वहन बेहतर ढंग से करना सुनिश्चित करेंगे, जिसमें कार्यक्रम का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सकें। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम स्थल में शिक्षा विभाग, पंचायत विभाग, स्वास्थ्य चिकित्सा विभाग, कृषि विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं, नीतियों तथा उपलब्धियों पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी लगाई जाए। कमिश्नर ने कहा कि सम्मेलन में भाग लेने वाले हितग्राहियों को चिन्हित कर ले तथा उन्हें आने जाने में किसी भी प्रकार की समस्या न हो यह संबंधित अधिकारी सुनिश्चित करेंगे। बैठक में कमिश्नर ने कार्यक्रम में आयोजित होने वाले अन्य कार्यक्रमों के संबंध में भी विस्तृत चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

## जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने किया पौधरोपण



**शहडोल।** हर घर पेड़ लगाओ, प्रकृति से प्रेम जताओं। पर्यावरण का महत्व जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है, हमें पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए मिलकर कार्य करना होगा। यदि पयार्वरण स्वच्छ और संतुलित होता है तो जीवन भी सुखद और सुरक्षित रहता है। पर्यावरण की रक्षा करना हम सभी का कर्तव्य है।

पौधरोपण करने से न केवल हरियाली बढती है, बल्कि मिटटी का कटाव रूकता है, जीव-जंतुओ का आवास सुरक्षित होता है और वर्षा भी संतुलित होती है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशन में प्रकृति की गोद भरने के लिए ष्एक पेड़ माँ के नामष अभियान 30 सितम्बर 2025 तक चलाया जा रहा है। इस अभियान में जन मानस बढ़ चढकर सहभागी बने और प्रकृति की गोद भरने में अपनी महती भूमिका निभाएं। यह विचार विधायक ब्यौहारी विधानसभा क्षेत्र श्री शरद जुगलाल कोल ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत ब्यौहारी जनपद पंचायत प्रागंण पौधरोपण कार्यक्रम के दौरान सम्बोधित करते हुए व्यक्त किये। एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत जनपद पंचायत ब्यौहारी कार्यालय के परिसर में विधायक शरद कोल, अध्यक्ष जनपद पंचायत आकांक्षी प्रीतू सिंह, समाजसेवी ने पौधरोपण किया।

## संभागीय मुख्यालय में अवैध कारोबार पर लक्ष्मी कृपा

# अवैध कमाई से बनाई अकूत संपत्ति, सट्टा-ब्याज का चल रहा कारोबार

### वर्दी के संरक्षण के लग रहे आरोप, कप्तान को कसनी होगी नकेल

पिछले कुछ दिनों से जिले में चहुंओर अपराधी हावी है। चोरी, लूट, हत्या, सूदखोरी, अपहरण व फायरिंग की वारदात आए दिन हो रही हैं। आए दिन बढ़ते अपराधों के चलते पुलिस बैकफुट पर आ गई है। अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने से पुलिस का छोटा कर्मचारी हतोत्साहित हो रहा है।

शहडोल




जिले में अपराध का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है। अपराधी वारदात को अंजाम दे रहे हैं। पुलिस अपराधियों पर नकेल नहीं कस पा रही है। बताया यह जाता है कि कानून व्यवस्था बनाए रखने में कम वसूली पर अधिक ध्यान दे रही है। पुलिस का बदमाशों में भय नहीं है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस वालों की भी बदमाशों के साथ सांठ-गांठ रहती है। पुलिस वालों को बदमाशों का पता होने के बावजूद वे ध्यान नहीं देते हैं, तो फिर पुलिस का भय किस प्रकार बना रह सकता है। यदि पुलिस वालों को अपनी वर्दी का भय बनाए रखना है, तो बदमाशों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई करनी होगी।

**सांठ-गांठ का पूरा खेल**

पुलिसिया सांठगांठ के कारण अपराधी बच निकलते हैं और बेकसूर कानून के शिकार होते देखे गए हैं। पुलिस द्वारा अनैतिक कार्यों को बढ़ावा देने की इस दुष्प्रवृति के कारण ही अपराधियों को पुलिस का डर नहीं होता है। संभागीय मुख्यालय में सूदखोरी, अंग्रेजी शराब की पैकारी, सट्टेबाजी, अवैध कबाड़ सहित अन्य अवैध गतिविधियां संचालित हो रही है, लेकिन वर्दीधारियों को कहीं यह नजर नहीं आ रहा है, वर्तमान में आईपीएल के मैच चल रहे हैं, लेकिन पुलिस ने अब तक एक भी सट्टोरियों को नहीं पकड़ा, वहीं दूसरी ओर पूरे जिले में अवैध अंग्रेजी शराब की पैकारी हो रही है, लेकिन पुलिस का प्रेसनोट उठाकर देखा जाये तो, ऐसा लगता है कि वह शराब ठेकेदार के इशारे पर महुआ शराब पकड़ती बाग रही है।

**सरगना नहीं पकड़ती पुलिस**

संभागीय मुख्यालय में लक्ष्मी नामक युवक का खुलेआम सट्टे एवं ब्याज का कारोबार चल रहा है, लक्ष्मी के ठीहे पर गरीब मजदूर, रिक्शाचालक, आटो चालक एवं निम्न आय वर्ग के लोगों की गाढ़ी कमाई की राशि लुट रही है। पुलिस प्रशासन के नाक तले यह अवैध करोबार चलने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। रातों रात करोड़पति होने का सपना देखने वाले अपनी कमाई का बड़ा हिस्सा सट्टा में लगा रहे हैं। खास बात यह है कि आये दिन सट्टोरियों को पुलिस पकड़ती है, लेकिन उनके सरगना तक वर्दी के हाथ कभी नहीं पहुंचते, सरगनाओं के बारे में जानकारी होने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होने से पुलिस की भूमिका पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

**कार्यवाही की कप्तान से दरकार**

कोतवाली थाना क्षेत्र में खुलेआम सट्टा संचालित है, ओपन, क्लोज और रनिंग के नाम से चर्चित इस खेल में जिस प्रकार सब कुछ अवैध कारोबार हो रहा है। खाकी धारियों से सांठगांठ हो जाने के कारण कानून का कोई खौफ नहीं रह गया है। कोतवाली क्षेत्र में इस खेल के बढ़ते कारोबार का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि लक्ष्मी नामक व्यक्ति द्वारा संभागीय मुख्यालय में गरीबों की गढ़ी कमाई लूट कर अवैध संपत्ति बनाई है, लेकिन संभागीय मुख्यालय के लक्ष्मी के हौसले इतने बुलंद हो गए है कि खुले ब्याज के कारोबार के साथ सट्टा खिलाया जा रहा है। जागरूक लोगों की कप्तान से दरकार है कि विशेष दल गठित कर लक्ष्मी के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाया जाये।

## 25 जून को कन्या शिक्षा परिसर कंचनपुर में अध्ययन हेतु प्रवेश परीक्षा

शहडोल

*प्रचार्य शासकीय कन्या शिक्षा परिसर कंचनपुर बी.एम.तिवारी ने बताया कि कन्या शिक्षा परिसर कंचनपुर शहडोल में अध्ययन के लिए कक्षावार रिक्त सीटों को विद्यालय स्तर पर प्रवेश परीक्षा के माध्यम से मेरिट के आधार पर भरा जाएगा। कन्या शिक्षा परिसर में कंचनपुर शहडोल में अध्ययन हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन 25 जून 2025 को प्रातः 11 बजे से दोपहर 01 बजे तक किया जाएगा। उन्होनें विद्यालय में कक्षावार रिक्त सीटों की जानकारी देते हुए बताया है कि कक्षा 7वीं में 08 सीट, उम्र 11 वर्ष से 14 वर्ष, कक्षा 9वीं में 04 सीट उम्र 13 वर्ष से 16 वर्ष, कक्षा 11वीं में 05 सीट रिक्त हैं। इस तरह विद्यालय में कुल 17 सीटें रिक्त हैं।*

*प्राचार्य ने बताया कि विद्यालय में प्रवेश हेतु विकलांग विध्यार्थी को अधिकतम आयु सीमा में दो वर्ष की छूट रहेगी। आरक्षण कुल सीट में से अनुसूचित जनजाति के लिये 80 प्रतिशत पीव्हीटीजी वर्ग के लिये 5 प्रतिशत एवं अधिसूचित घुमक्कड, अर्ध घुमक्कड समुदाय के लिये 5 प्रतिशत, वे विध्यार्थी जिन्होने अपने माता पिता को वाम पंथी, उग्रवाद, कोविड आदि के कारण खो दिया है, विधवा की संतान, दिव्यांग, दिव्यांग माता पिता की संतान, अनाथ, भूमिदाता जिन्होंने विध्यालय भवन के लिये भूमि दान किया हो की संतान के लिये 10 प्रतिशत सीट आरक्षित है। ऐसी छात्राएं जो प्रवेश के लिए इच्छुक छात्राओं को आवेदन के साथ संबंधित श्रेणी का प्रमाण पत्र देना होगा। प्रवेश की सम्पूर्ण प्रक्रिया एमपीसरस द्वारा जारी प्रवेश के दिशा निर्देश एवं मापदंड के अनुसार होगी। प्रवेश के लिए आवेदन विद्यालय में विद्यालयीन समय सुबह 10:30 बजे से 4:30 बजे तक जमा किए जा सकते हैं। गलत अभिलेखो के आधार पर प्रवेश उपरांत प्राचार्य द्वारा प्रवेश निरस्त कर दिया जावेगा। जिस पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी छात्रा की माता पिता, अभिभावक की होगी। कक्षा 11वी में प्रवेश हेतु 10वीं मेरिट के आधार पर माना जावेगा एवं सीबीएसई उत्तीर्ण छात्राओ को प्राथमिकता दी जायेगी। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 23 जून 2025 है। प्रवेश संबंधी आवश्यक दस्तावेज की स्वप्रमाणित छायाप्रति जो विद्यालय में जमा करना होगा। जिसमें पूर्व कक्षा की अंकसूची, प्रोफाइल पंजियन, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, समग्र आईडी, आय प्रमाण पत्र, छात्रा की नवीनतम फोटो (पास्पोर्ट साइज नाम लिखा हुआ) 03 प्रति, छात्रा के साथ माता-पिता अभिभावक की फोटो 02 नग, बैंक खाता की छाया प्रति, दिव्यांग्ता /आरक्षण से सम्बंधित सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र ये सभी दस्तावेज आवश्यक हैं।*

# भाभी की कुल्हाड़ी से निर्मम हत्या कर देवर ने लगा ली फांसी

मानपुर





थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम छपडौर में युवक ने जघन्य हत्या कर खुद फांसी के फंदे में लटक कर अपनी जान दे दी, पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम छपडौर निवासी सुखमंतिन पाल उम्र 42 वर्ष जिसके पति हेतराम पाल की मौत पिछले वर्ष हो गई थी, जिसका बड़ा बेटा बाहर मजदूरी करने गया हुआ है, दूसरा लडक़ा गांव में ही मजदूरी आदि कर अपना घर परिवार में गुजर बसर करते थे, रोज की तरह सुखमंतिन पाल निवासी छपडौर दोपहर के वक्त अपने घर में थी, वहीं उक्त महिला का देवर मंगल दीन पाल जो कान से बहरा था, वह अपनी भाभी पर कई दिनों से बुरी नजर रखता था, जिसने पहले भी कई बार भाभी से अपनी ख्वाइशों को पूरा करने का जिक्र कर चुका था, लेकिन भाभी उसकी बातों को नजर अंदाज कर देती, हालांकि उक्त देवर मंगलदीन भी परिवार वाला था, जो अभी हाल ही में कुछ दिनों पहले ही अपनी बिटिया की शादी किया है।

**टांगी से दिया वारदात को अंजाम**

शुक्रवार की दोपहर भाभी को घर में अकेला पा कर सूने घर का फायदा उठाते हुए देवर ने भाभी के घर में चुपचाप प्रवेश किया, जिसके बाद देवर व भाभी के बीच किसी बात को लेकर कहा सुनी हो गई, जिसके बाद भाभी देवर की बातों का विरोध किया तो, देवर आगबबूला हो उठा और पास में ही रखी टंगी से भाभी के ऊपर जोरदार कई प्रहार किया, जिस कारण भाभी के शरीर के हर एक अंग में टांगी के गहरे चोट के निसान पाए गए, जिस कारण भाभी की मौत हो गई, जिसके बाद देवर ने भी उसी घर में फांसी के फंदे में झूल कर मौत को गले लगा लिया। वहीं चीख पुकार सुन घर के लोगों के साथ आस-पास के लोगों ने भी मौके पर पहुंच कर देखा तो घर के आंगन में महिला खून से लथपथ तड़प रही थी, इसी दरमियान जब लोगों ने इधर उधर देखा तो उसी घर में उक्त देवर भी फांसी के फंदे में लटक रहा था।

घटना की जानकारी लगते ही थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे, मौका पंचनामा तैयार कर दोनो लाशों को कब्जे में लेते हुए पीएम आदि कार्यवाही के लिए मानपुर सामुदायिक स्वस्थ केंद्र भेजा गया, बताया जा रहा है कि देवर द्वारा भाभी के साथ पूर्व में भी की गई हरकत को बस्ती का हर एक व्यक्ति जान रहा था, वहीं सूने घर का फायदा उठा कर देवर मंगलदीन ने वारदात को अंजाम दिया और फांसी के फंदे में लटक कर खुद मौत को गले लगा लिया। पुलिस मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है

# रमाशंकर चुने गये संभागीय अध्यक्ष



**शहडोल।** मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के संभागीय चुनाव संपन्न हुए, संभागीय अध्यक्ष पद पर रमाशंकर मिश्रा ने 44 मत अर्जित कर जीत हासिल की। उनकी जीत पर उनके सभी समर्थक हर्ष व्यक्त किया, मध्य प्रदेश शिक्षक संघ संभाग शहडोल की निर्वाचन प्रक्रिया रविवार को की गई थी और संभागीय अध्यक्ष पद पर हुए चुनाव में श्री मिश्रा एवं रामनारायण विश्वकर्मा के बीच मतदान हुआ। जिसमें 44 मत रमाशंकर मिश्रा एवं 21 मत रामनारायण विश्वकर्मा को मिले, रमाशंकर मिश्रा अपने प्रतिद्वंद्वी श्री विश्वकर्मा को 23 मतों से हरा कर जीत हासिल की। शहडोल संभाग के मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के त्रि-वर्षीय चुनाव निर्वाचन अधिकारी गौतममणि अग्निहोत्री, वरिष्ठ प्रवाचन डाइट सीधी पर्यवेक्षक अशोक दीक्षित बालाघाट व संयोजक अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में एवं संभाग प्रभारी महेंद्र त्रिपाठी प्रांतीय आयाम प्रमुख अरुण मिश्रा के निगरानी में निर्वाचन संपन्न हुआ। इस चुनाव में संभागीय अध्यक्ष पद पर श्री मिश्रा की शानदार जीत हुई और सचिव पद पर हरी प्रताप सिंह, कोषाध्यक्ष रामकुमार राठौर, उपाध्यक्ष अर्जुन खान, सह सचिव अमृतलाल मौर्य, वहीं कार्यकारिणी सदस्य निर्विरोध निर्वाचित हुए। मध्य प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बने चौधरी सिंह, चंद्रबली यादव, प्रभात मिश्रा, दिलीप द्विवेदी, अंबिका प्रसाद पटेल, सुनील कुमार मिश्रा भी शामिल हुए। संभागीय अध्यक्ष पद पर श्री मिश्रा की संगठन को सशक्त बनाने के लिए संपूर्ण भावना से तत्पर रहने के फलस्वरूप उन्हें व्यापक सहयोग मिला। श्री मिश्रा का कहना है कि मैं अपने संघ के काम में हमेशा समर्पण भाव से तैयार रहूंगा और सभी साथियों के प्रति आभार जताते हुए कहा कि निष्ठा भाव से मुझे संगठन का अध्यक्ष चुना गया है, इस भावना से संगठन हित में तत्पर रहूंगा और मैं अपने संगठन को सशक्त बनाने में अग्रणी रहूंगा।

## जिले में आयोजित किए जा रहे कृषि शिविर

**शहडोल।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत जिले में कृषि विभाग तथा सहयोगी विभागों कृषि विज्ञान केन्द्र, पशुपालन विभाग, उद्यानिकी तथा मत्स्यपालन विभाग के अमले द्वारा बुढ़ार, सोहागपुर तथा गोहपारू जनपद पंचायतों के तीन-तीन ग्रामों में कृषि शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत 07 जून 2025 को जयसिंहनगर जनपद पंचायत में कृषि वैज्ञानिक डॉ दीपक चौहान के मार्गदर्शन में ढोलर, कुबरा, बरकछ, कौआसरई, झारा, बराछ, टेटका, अमझोर, तथा सन्नौसी में कृषि शिविर आयोजित किए जाएंगे।

# सर्जन ने पीड़ित से की रूपयों की मांग




### जिला चिकित्सालय में नहीं चिकित्सक घर बुला रहे मरीज

**शहडोल।** जिले के जिला चिकित्सालय में इलाज के नाम पर पैसे मांगने का एक और गंभीर मामला प्रकाश में आया है। सोहागपुर कोनी तिराहा निवासी रितेश कुमार गुप्ता नामक युवक ने इलाज के दौरान चिकित्सक द्वारा पैसे मांगने की शिकायत शहडोल के कमिश्नर से की है। रितेश का कहना है कि उसकी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का समाधान सरकारी अस्पताल में होना चाहिए, लेकिन चिकित्सक डॉ. व्ही.पी. पटेल के भ्रष्टाचार ने उसकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। रितेश ने बताया कि उसे पेट में तेज दर्द होने के कारण गुरुवार को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था। वहां सर्जन डॉ. व्ही.पी.पटेल ने उसकी जांच के बाद बताया कि उसके पेट में पथरी है और इलाज के लिए उसे कुछ पैसे खर्च करने होंगे। चिकित्सक ने रितेश से कहा कि वह उसके घर के पास स्थित सर्किट हाउस के सामने आ जाएं, तभी उसका इलाज संभव होगा। इस घटना के बाद रितेश ने कमिश्नर से शिकायत करते हुए कहा, मैं एक गरीब परिवार से हूं और प्राइवेट अस्पताल में इलाज कराने की स्थिति में नहीं हूं। मैं सरकारी अस्पताल आया था ताकि मुझे उचित स्वास्थ्य सेवा मिल सके। लेकिन यहां भी अगर पैसे मांगने का सिलसिला चल रहा है, तो मुझे समझ में नहीं आता कि मैं कहां जाऊं।

**पूर्व में भी आए हैं कई मामले**

यह पहला मामला नहीं है जब जिला चिकित्सालय में मरीजों से पैसे वसूले जाने की शिकायत आई हो। पिछले कुछ समय में भी कई बार ऐसे मामले सामने आए हैं, जिनमें मरीजों से इलाज के नाम पर पैसे मांगे गए हैं। पहले भी जब शिकायतें आईं, तो अस्पताल प्रबंधन ने संबंधित चिकित्सकों को निलंबित किया था, लेकिन जांच के बाद मामले ठंडे बस्ते में चले गए।

**मरीजों के लिए चिंता का विषय**

इस तरह की घटनाएं मरीजों के लिए चिंता का विषय बन गई हैं, खासकर तब जब वे स्वास्थ्य सेवाओं की तलाश में सरकारी अस्पतालों का रुख करते हैं। कई गरीब परिवार ऐसे हैं जो प्राइवेट अस्पतालों के खर्चे नहीं उठा सकते और उन्हें सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं पर निर्भर रहना पड़ता है। ऐसे में जब भ्रष्टाचार के मामले सामने आते हैं, तो यह न केवल मरीजों के लिए बल्कि स्वास्थ्य प्रणाली के लिए भी एक चुनौती बन जाती है।

# मुखिया के दरबार से मायूस होकर लौटी लाडली

### अर्थशास्त्र की जगह बोल दिया राजनीति शास्त्र, शिक्षक ने किया साल बर्बाद



**शहडोल।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा आयोजित 12 वीं बोर्ड की पूरक परीक्षा में शामिल होने आई 17 वर्षीय छात्रा अंशिका द्विवेदी को मामूली सी गलती पर परीक्षा हॉल से निकाल दिया गया। इतना ही नहीं जब वह अपनी व्यथा सुनाने जिले के मुखिया के दरवाजे पर दस्तक देने पहुंची तो, उन्होंने भी कोई मदद या सांत्वना देने के बजाय बुरी तरह से डांट फटकार कर अपने कार्यालय से बाहर भगा दिया। पीड़िता को न्याय अथवा परीक्षा में शामिल होने का अवसर देने के बजाय अपमान का घूंट पीने के लिए विवश कर दिया गया।

**यह है मामला**

बोडरी ग्राम निवासी अनिल कुमार द्विवेदी की पुत्री अंशिका द्विवेदी 12 वीं बोर्ड की परीक्षा में तीन विषयों में अनुत्तीर्ण हो गई। रुक जाना नहीं योजना के तहत उसे पूरक परीक्षा में सम्मिलित होकर साल भर मेहनत की, आगे बढऩे का अवसर शासन द्वारा लागू योजना के तहत मिला, लेकिन परीक्षा केंद्र में मौजूद परीक्षक की कथित तानाशाही ने पीड़ित छात्रा का एक साल तो बर्बाद किया ही, उसे अपमानित कर परीक्षा केंद्र के बाहर कर दिया गया।

**रोती हुई कलेक्ट्रेट पहुंची छात्रा**

पीड़ित छात्रा कलेक्ट्रेट परिसर में अपने पिता के साथ रोती बिलखती पहुंची, उसने बताया कि 4 जून को आयोजित परीक्षा के दौरान जब उसने उत्तर पुस्तिका में अपना रोल नंबर एवं अन्य जानकारी भर लिया, तभी परीक्षक महोदय आए और पूछा कि कौन से विषय की परीक्षा है। हड़बड़ाहट में गलती से पीड़िता ने राजनीति शास्त्र कह दिया, जबकि वास्तव में परीक्षा अर्थशास्त्र की थी। मात्र इतनी सी गलती पर परीक्षक आग बबूला हो उठे और यह कहते हुए परीक्षा हॉल से बाहर निकाल दिया कि क्या शिक्षक तुम्हें बताएंगे कि किस विषय की परीक्षा है? पीड़िता ने बताया कि वह उस समय रोती बिलखती अनुनय विनय करती रही, लेकिन परीक्षक ने उसे परीक्षा से वंचित कर घर लौटने को मजबूर कर दिया।

**सांत्वना भी नसीब नहीं**

परीक्षा केंद्र में परीक्षक द्वारा की गई कथित ज्यादती से पीड़ित छात्रा को उसके पिता साथ लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे और कलेक्टर से शिकायत करते हुए अपनी व्यथा सुनाने का प्रयास किया, लेकिन आरोप है कि कलेक्टर ने उनकी बात नहीं सुनी। कलेक्टर से मुलाकात और अपनी व्यथा सुना कर न्याय प्राप्त करने में कथित तौर पर असफल पीड़ित छात्रा और उसके पिता परिसर में ही काफी देर तक जोर-जोर से रोते बिलखते रहे। लोगों से मदद की गुहार भी लगाई। कुल मिलाकर पीड़िता अपने पिता के साथ आंसू बहाते अपने घर को लौट गई। इस घटना को देखकर कलेक्ट्रेट परिसर में मौजूद लोगों के बीच यह चर्चा जरूर रही की परीक्षा केंद्र में भले ही कुछ भी हुआ हो, जिले के मुखिया के द्वार पर उसे न्याय नहीं तो कम से कम सांत्वना तो मिलनी ही चाहिए थी।

**इनका कहना है...**

छात्रा अपने परिजन के साथ आई थी। परीक्षा के दिन आना चाहिए था, लेकिन वह बाद में आई। संबंधित शिक्षकों से पूछताछ की गई है। परिजन को बुलाया गया तो नहीं आए।

**डॉ. केदार सिंह**
कलेक्टर, शहडोल

## म.प्र.जन अभियान परिषद के द्वारा मनाया गया बावड़ी उत्सव

शहडोल

जिला मुख्यालय में बाणगंगा मैदान के पास पाण्डव कालीन बावड़ी कुंड में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत बावड़ी उत्सव का आयोजन विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचीन श्री राम दरबार तथा श्री हनुमान मंदिर में सुंदर कांड का पाठ एव पूजन कर किया गया। बावडी उत्सव कार्यक्रम में बाबड़ी पूजन, दीपोत्सव एवं फलदार पौधरोपण किया गया।

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आव्हान पर पूरे प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान का संचालन किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में बावडी उत्सव का आयोजन कर आम जन को पुरानी जल संरचनाओं के संरक्षण एवं संवर्धन तथा इन संरचनाओं से प्राप्त होने वाले लाभो जैसे पशु पक्षिओं सहित आम जन के निस्तार की सुविधा के संबंध में अवगत कराया गया।

कार्यक्रम में अध्यक्ष नगरपालिका घनश्याम दास जायसवाल, पार्षद श्री प्रकाश नारायण शुक्ला, सुशील रजक, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक विवेक पाण्डेय, समाजसेवी जसवीर सिंह, मनीष शर्मा, राजेश्वर उदानिया,मनोज निगम, रावेंद्र तिवारी, जितेन्द्र तिवारी, जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक श्रीमती प्रिया सिंह, आलोक सोंधिया, परामर्शदातागण, सीएमसीएलडीपी छात्र व नगर वासी उपस्थित थें।

## 2 सरपंच एवं 18 पंचों के रिक्त पदों के लिए संपन्न होगा उप निर्वाचन

**शहडोल।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जिले में रिक्त दो सरपंच एवं 18 पंच के पदों के निर्वाचन के लिए संबंधित ग्राम पंचायतों में 01 जनवरी 2025 की संदर्भ तिथि के आधार पर जिले में फोटोयुक्त प्रारूप मतदाता सूची का ग्राम पंचायतों एवं अन्य विहित स्थानों पर सार्वजनकि प्रकाशन कर दिया गया है। यह जानकारी उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन श्रीमती अमृता गर्ग ने कलेक्टर सभागार में संपन्न स्टैण्डिग कमेटी की बैठक में दी। उन्होनें बताया कि 05 जून से 11 जून तक अपरान्ह 03 बजे तक संबंधित मतदान केन्द्रों में बीएलओ द्वारा दावा आपत्ति प्राप्त किए जाएंगे। दावा आपत्ति का निराकरण संबंधित रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा 17 जून तक कर दिया जाएगा। फोटोयुक्त अंतिम मतदाता सूची का ग्राम पंचायत तथा अन्य विहित स्थानों पर 25 जून को सार्वजनिक प्रकाशन किया जाएगा। आपने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन की समस्त प्रक्रिया पेपरलेस होगी। मतदान केन्द्र में मतदाताओं की पहचान थम्बइम्प्रेशन से होगी। मतदान ईव्हीएम के माध्यम से कराए जाएंगे।

## खबर संक्षेप

### थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न



**अनूपपुर।** कोतमा शुक्रवार को थाना परिसर में त्योहार ईद उल जुहा को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। त्योहार को आपसी भाईचारे के साथ मनाने की परंपरा है जिसे सभी लोग मिलजुल कर मनाए। जल, बिजली एवं सफाई की व्यवस्था नगर पालिका द्वारा सुचारू रूप से बनाई जाएगी। ईदगाह वाले दिन बिजली की आपूर्ति निर्वाध रूप से बनी रहे इस पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। खुले में किसी प्रकार से कुर्बानी ना दी जाए किसी प्रकार का आवागमन में बाधा उत्पन्न ना हो इस पर ध्यान रखा जाए। ईदगाह स्थल पर सभी व्यस्था दुरुस्त की जाएगी। ईदगाह स्थल पर टेंट पानी व सफाई की व्यवस्था नगर पालिका द्वारा कराई जाएगी। सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर भी पुलिस की नजर बनी रहेगी आपसी माहौल बिगाडने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध पुलिस कड़ी कार्यवाही करेगी। शनिवार को सुबह ईदगाह में नमाज अता की जाएगी। बैठक में नपा अध्यक्ष अजय सराफ, मनोज अग्रवाल, एसडीम अजीत तिर्की एसडीओपी आरती शाक्य, थाना प्रभारी रत्नांबर शुक्ला, सीएमओ प्रदीप झरिया सहित मुस्लिम समुदाय के साथ ही नागरिक उपस्थित रहे। गणमान्य नागरिकों द्वारा भी अपने अपने विचार रखे गए। प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर व्यापक तैयारी की गई है। उपस्थित सभी लोगों द्वारा शांति एवं सद्भाव से पर्व मनाने की अपील की गई।

### संजीवनी क्लीनिक का किया गया निरीक्षण



**उमरिया।** राज्य स्तरीय अर्बन मूल्यांकन एवं अनुश्रवण कंसलटेंट प्रमोद कुमार ने शहरी स्वास्थ्य केंद्र लोहारगंज विकासखंड पाली, मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक विकासखंड करकेली ,नौरोजाबाद संजीवनी कलीनिक का निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान उन्होने संजीवनी क्लीनिक मे दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में एवं रिकॉर्ड कीपिंग व क्रियान्वयन के संबंध में विस्तार पूर्वक स्टाफ से चर्चा की। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉक्टर मुकुल तिवारी, डॉ.प्रियंका गुप्ता शहरी स्वास्थ्य केंद्र उपस्थित रहे ।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.बी.चौधरी ने जिला अंतर्गत संचालित 4 संजीवनी क्लीनिक तथा एक शहरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत केंद्र एवं राज्य शासन के निर्धारित दिशा निर्देश के अनुसार दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं के विषय में संक्षिप्त चर्चा की।

पर्यावरण दिवस पर आयोजित हुआ जागरूकता कार्यक्रम

# प्लास्टिक प्रदूषण समाप्त करने दी गई समझाईश

**शहडोल।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में क्षेत्रीय कार्यालय मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी मुकेश श्रीवास्तव के निर्देशानुसार विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष संयुक्त राष्ट्र द्वारा निर्धारित थीम "वैश्विक स्तर पर प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करना" रही। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्जवलन करते हुए सरस्वती वंदना के साथ हुई। कार्यक्रम में आये अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के शुरूआत में बोर्ड के बालेन्द्र सिंह के द्वारा बढ़ते हुये प्लास्टिक प्रदूषण से अवगत कराया गया तथा प्लास्टिक से नदियों, जंगलों, जानवरों में हो रहे दुष्प्रभाव के बारें में विस्तार से समझाया गया। महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल की शिक्षिका श्रीमती अंजना द्विवेदी के द्वारा प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने के लिये भिन्न-भिन्न प्रकार के समझाइस दी गई एवं जल बचत करने हेतु प्रोत्साहित किया, अन्त में अपनी वाणी को गीत गाकर विराम दिया। उत्कृष्ठ विद्यालय के अध्यापक डॉ. मनोज श्रीवास्तव के द्वारा यह समझाया गया कि हमे बाहर निकलते वक्त अपना थैला साथ में लेकर जाना चाहिए, जिससे हमें प्लास्टिक में सामान लेकर न आना पड़े इस तरह हम स्वयं प्लास्टिक का इस्तेमाल कम कर सकते है, यह हमारी जिम्मेदारी है कि प्लास्टिक प्रदूषण को कैसे कम करना है। सेंन्ट्रल एकेडमी स्कूल के शिक्षक नीरज कुमार मिश्रा द्वारा कविता के माध्यम से प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने हेतु संदेश दिया गया। श्रीराम हास्पिटल से आये हुये प्राजत सिंह चतुर्वेदी के द्वारा मोबाइल डाटा की बचत करके हम पर्यावरण को कैसे संरक्षित कर सकते है, इस तरह उन्होंने एक बहुत उपयोगी संदेश दिया। सेंन्ट्रल एकेडमी स्कूल के



अध्यापक डी.पी. मिश्रा के द्वारा प्लास्टिक में उपस्थित कैमिकल्स किस तरह हमारी दिनचर्या को नुकसान पहुंचाते है यह बताया गया एवं प्लास्टिक में हो रही रसायनिक क्रिया को समझाया तथा लो डेन्सिटी पॉलीथीन एवं हाई डेन्सिटी पॉलीथीन के बीच का अंतर काफी सरल भाषा में समझाया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि डॉ. योगिता बेसेन, सहायक प्राध्यापक पं. शंम्भूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय के द्वारा रिसर्च पेपर और वीडियों के माध्यम से प्लास्टिक से हो रहे विभिन्न प्रकार के दुष्प्रभाव को वृहद तरीके से समझाया साथ ही प्लास्टिक संबंधी 5 आर के बारे में जानकारी दी एवं हमारे शरीर में किस तरह और किन-किन चीजों से प्लास्टिक समाहित हो रहा है यह बतलाया गया, तथा प्लास्टिक का उपयोग हम सस्ता होने एवं आसानी से मिलने की वजह से ज्यादा करते है, अगर प्लास्टिक में पैसा लगने लगे तो हम उसका इस्तेमाल कम कर देंगे और घर से खुद अपना बैग लेकर निकलेंगे इस तरह उन्होंने किस तरह प्लास्टिक प्रदूषण को कम किया जा सकता है उसका सरल उपाय बताया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में क्षेत्रीय कार्यालय के सहायक यंत्री श्रेयस पाण्डेय के द्वारा यह बताया गया की हम अपने दिनचर्या में किस तरह से थोड़े-थोड़े बदलाव करके प्लास्टिक के उपयोग को काफी हद तक कम कर सकते है एवं बोर्ड के द्वारा पिछले कुछ दिनों में क्षेत्रांतर्गत जिलों में पर्यावरण संबंधी किये गये कार्यक्रमों के बारे में बताया तथा कार्यक्रम में आये हुये अतिथि शिक्षकों/आध्यापकों से अनुरोध किया कि वह अपने कक्षा कें माध्यम से बच्चों को पर्यावरण संरक्षण तथा प्लास्टिक के दुष्प्रभाव के बारे में विस्तार से समझायें। तत्पश्चात कार्यक्रम का संचालन कर रहे कार्यालय के विश्वनाथ वर्मा के द्वारा प्लास्टिक प्रबंधन, खाद्य पदार्थों, ई-वेस्ट एवं कचरा प्रबंधन के बारे में समझाया गया। अगली कड़ी में क्षेत्रीय कार्यालय म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के द्वारा 03 जून को चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसमें निबंध प्रतियोगिता में ऋतुराज गुप्ता, उत्कृष्ठ स्कूल (प्रथम), नूर बारक, एम.एल.बी. स्कूल (द्वितीय), महक सोधिंया, सेन्ट्रल एकेडमी (तृतीय) एवं चित्रकला प्रतियोगिता में दीपिका तिवारी, सेन्ट्रल एकेडमी (प्रथम), वेदप्रकाष गुप्ता, उत्कृष्ठ स्कूल (द्वितीय), सिमरन बैगा, एम.एल.बी. स्कूल (तृतीय) पुरस्कार प्राप्त किये। कार्यक्रम में आये हुये सभी अतिथि एवं छात्र/छात्राओं को कपड़े का बैग उपयोग करने को प्रोत्साहित करने हेतु प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से बोर्ड का कपड़े का बैग प्रदान किया गया। कार्यक्रम का समापन कार्यालय के कनिष्ठ वैज्ञानिक बी.एम. पटेल के द्वारा वोट ऑफ थैंक्स के साथ हुआ। कार्यक्रम के दौरान प्रकाश राव (कलाकार), अंजनी कुमार शिक्षक एम.एल.बी. स्कूल, शिवेंद्र सोनी, मेवाड़ हॉस्पिटल, अल्का लाल शिक्षक उत्कृष्ठ विद्यालय एवं बोर्ड से ललिता मरावी, विजयषंकर पाठक, राजेष सिंह, इंद्रभान मिश्रा, कामता बैगा, सुभाष निगम, मोतीलाल पटेल, शालिनी जायसवाल, तुलसीदास महरा, धनंजय कुशवाहा, जया कुशवाहा एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। विश्व पर्यावरण दिवस 2025 के उपलक्ष्य में दिनांक 5 जून 2025 को क्षेत्रीय कार्यालय मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, शहडोल में क्षेत्रीय अधिकारी मुकेश श्रीवास्तव के निर्देशानुसार क्षेत्रीय कार्यालय के सहायक यंत्री श्रेयस पाण्डेय, कनिष्ठ वैज्ञानिक श्री बी.एम. पटेल, के मार्गदर्शन में कार्यालय के ईको पुष्प वाटिका में एक पेड़ मॉ के नाम थीम के तहत पौधा रोपण का कार्य कराया गया तथा सभी को एक पेड़ लगाने हेतु प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि डॉ. योगिता बेसेन, सहायक प्राध्यापक पं. शंम्भूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय, उत्कृष्ठ विद्यालय के अध्यापक डॉ. मनोज श्रीवास्तव, सेंन्ट्रल एकेडमी स्कूल के डी.पी. मिश्रा एवं श्री नीरज कुमार मिश्रा, श्रीराम हास्पिटल से प्राजत सिंह चतुर्वेदी, प्रकाश राव (कलाकार), अंजनी कुमार षिक्षक एम.एल.बी. स्कूल, शिवेंद्र सोनी, मेवाड़ हॉस्पिटल, एवं ललिता मरावी, विजयशंकर पाठक, राजेश सिंह, इंद्रभान मिश्रा, कामता बैगा, सुभाष निगम, बालेन्द्र सिंह, मोतीलाल पटेल, शालिनी जायसवाल, तुलसीदास महरा, धनंजय कुशवाहा, जया कुशवाहा एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

## वातावरण को संतुलित रखने पौधारोपण आवश्यकः विधायक



**उमरिया।** विश्व पर्यावरण दिवस से एक पेड़ मां के नाम अभियान 5 जून से प्रारंभ हो गया है ।एक पेड़ मां के नाम अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व्दारा शुरू किया गया, एक महत्व पूर्ण पर्यावरणीय प्रयास है। जिससे लोगो को अपनी मां के सम्मान में पेड़ लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। यह अभियान पर्यावरण संरक्षण और पारिवारिक मूल्यों को एक साथ जोड़ता है। उक्त आशय के विचार विधायक बांधवगढ़ ने करकेली विकासखंड के ग्राम पंचायत पठारी में एक पेड़ मां के नाम अभियान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण का अर्थ उस प्राकृतिक परिवेश से है, जिसमें हम रहते हैं। हमारे चारों ओर के सभी जीव और निर्जीव तत्व पर्यावरण का हिस्सा है, जैसे हवा, पानी, मिट्टी, पेड़-पौधे और जीव-जंतु। पर्यावरण संतुलित रहे, इसके लिए हमें पौधरोपण करना होगा। हरे-भरे पेड़ो की कटाई बंद करनी होगी । हर कोई अपनी मां के नाम से पौध रोपित करें । यह अभियान मां के प्रति अपना स्नेह जताने का समान अवसर दिया है । हर जिम्मेदार नागरिकों को पौधारोपण करना चाहिए। क्योंकि जब यही पौधे बडे होकर एक विशाल वृक्ष बनेगे तो उनसे हमें फल फूल एवं औषधियां प्राप्त होगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ने कहा कि पौधारोपण करने के साथ ही उसकी सुरक्षा का संकल्प लें । जिस प्रकार हम अपने घरो में छोटे बच्चो की देखभाल करते है , ठीक उसी प्रकार हमें पौधारोपण करने के बाद उन्हें समय समय पर पानी देना चाहिए । ताकि वह पौध जीवित रहे । उन्होने कहा कि सभी जन पर्यावरण को संरक्षित करनें का संकल्प लें । ग्राम पंचायत सरपंच पठारी गोविंद प्रसाद गौतम ने कहा कि पेड़ हमारे जीवन के अभिन्न अंग है । पौधारोपण करना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है । वातावरण को संतुलित रखने मे पौधारोपण करना आवश्य क है। इसलिए आवश्यक है कि हर नागरिक को पौधारोपण करना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने पूर्व वर्ष में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत रोपित किए गए पौधों का अवलोकन किया गया, जो जीवित अवस्था में पाए गए । इस अवसर पर सहायक यंत्री ऋषभ शुक्ला , उप यंत्री राजेश त्रिपाठी, सचिव कमलेश चौधरी, सरस्वती स्व सहायता समूह की मीरा सिंह राठौर, भदनी, इतिया, इतवरिया सहित अन्य महिलाओं ने भी अभियान के तहत पौधरोपण किया तथा उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया ।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कार्यक्रम आज

**उमरिया।** उप संचालक कृषि संग्राम सिंह मरावी ने बताया कि विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम के तहत 7 जून को विकासखण्ड करकेली में ग्राम पंचायत पथरहटा, सेमड़ारी, पाली विकासखण्ड मानपुर मे बल्हौड़, टिकुरीटोला, नौगवां विकासखण्ड पाली मे सलैया, चंदनिया, नरवार पंचायतो में विकसित कृषि संकल्प कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम में अधिक से अधिक ग्रामीण जन एवं कृषकों को बीज की जानकारी, योजना की जानकारी, कृषि यंत्र की जानकारी, स्वाईल हेल्थ कार्ड, मिट्टी परीक्षण, आधार लिंक, आधार अपडेट, ईकेवाइसी, के.सी.सी., कृषि यंत्र ऑनलाईन, फौती नामांतरण, कार्यक्रम के दौरान किया जायेगा।

## विश्व पर्यावरण दिवस कार्यक्रम के तहत निकाली गई जागरूकता रैली



### पौधारोपण करने की अपील

**उमरिया।** समर कैंप के खिलाडिय़ों ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर के साप्ताहिक कार्यक्रम में जागरूकता रैली का आयोजन कर लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने का कार्य किया। अभियान का उद्देश्य खिलाडिय़ों व आम लोगों को स्वच्छ, हरित और सतत जीवनशैली के लिए प्रेरित करना था।रैली की शुरुआत मां बिरासिनी क्रिकेट स्टेडियम पाली परिसर से हुई, जिसे हरी झंडी दिखाकर हिमांशु तिवारी ने रवाना किया।इस अवसर पर विद्यालय के सैकड़ों छात्र-छात्राएं अपने-अपने साइकिलों पर पर्यावरण संरक्षण से जुड़े नारे और हाथों में पौधे लेकर शहर भ्रमण पर निकले। मौके पर छात्रों ने जोशीले अंदाज़ में नारे लगाए - शहम बच्चे मिलकर पेड़ लगाएंगे, धरती को स्वर्ग बनाएंगे इन नारों के माध्यम से उन्होंने नागरिकों को अधिकाधिक वृक्षारोपण व प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया। रैली के माध्यम से लोगों से हर वर्ष कम से कम पांच पेड़ लगाने और पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की गई. रैली के दौरान लोग हरियाली बढ़ाओ, पर्यावरण बचाओ, एक पेड़ सौ वरदान जैसे नारों से लोगों को जागरूक किया गया हिमांशु तिवारी ने कहा कि विलुप्त होते पशु-पक्षी इंसान को चेतावनी दे रहे हैं।अगर हमने अब भी पर्यावरण को संरक्षित नहीं किया तो धरती पर जीवन कठिन हो जाएगा. उन्होंने आगे कहा कि जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग, असामान्य मौसम बदलाव और वन्यजीवों की घटती संख्या हमें पर्यावरण संरक्षण के प्रति सचेत कर रही है.यह भी बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस 1972 से संयुक्त राष्ट्र द्वारा मनाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना है।बताया कि लोगों एवं बच्चों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम किया गया। जागरूकता रैली के दौरान पर्यावरण मित्र हिमांशु तिवारी, नेहा सिंह, सुभद्रा बैगा, कृष्णा देवी बैगा,पलक सिंह,आस्था सिंह तोमर,सत्यम सेन, अतिव्य रजक,ऋषभ रजक, अमन बर्मन, निरंजन कुशवाहा एवं सभी उपस्थित रहे।

## थाना चचाई पुलिस द्वारा चोरी के डीजल खरीदने वाले दो आरोपियों को किया गिरफ्तार



**हरिभूमि न्यूजअनूपपुर।** रमेश यादव पिता स्व. मोहन यादव उम्र 55 साल निवासी धिरौल थाना चचाई द्वारा रिपोर्ट किया कि इसकी ट्रेलर गाड़ी अनूपपुर शहडोल रोड में चलती हैं 23 मई को रात्रि में चालक को नींद लगने पर मेडियारास पेट्रोल पंप के सामने ट्रेलर गाड़ी को खड़ी कर सो गया था सुबह उठकर देखा तो अज्ञात व्यक्ति द्वारा ट्रेलर गाड़ी से करीब 300 लीटर डीजल चोरी कर ले गया है जिसकी रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 114/25 धारा 303(2) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के मार्गदर्शन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मंसूरी तथा एसडीओपी सुमित किरकेट्टा के निर्देशन में टीम गठित कर थाना प्रभारी चचाई के नेतृत्व में क्षेत्र के डीजल चोर संदेहियों से लगातार पूछताछ कर एवं तकनीकी साधन का सहयोग लेकर लगातार पूछताछ पता तलाश की गई। 04/06/2025 को रात्रि में मूखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक सफेद रंग की कीया करेंस कार नंबर सीजी-10-बीयू- 59 09 में अवैध वस्तु का परिवहन करते बुढार तरफ से अनूपपुर तरफ आ रही है तत्काल मौके से पुलिस टीम द्वारा नाकाबंदी कर वाहनों की चेकिंग की गई तो एक सफेद रंग कीया करेंस कार व उसमें रखी पाई गई 54 लीटर देशी अंग्रेजी शराब कुल 12,63500 रुपए का जप्त कर आरोपी मनीष यादव पिता गोपाल यादव उम्र 23 साल निवासी कोटिंगपदार थाना जूनागढ़ जिला जूनागढ़ उड़ीसा हाल वार्ड नंबर 8 रेलवे कॉलोनी बिजुरी, सरताज शेख पिता मुमताज शेख उम्र 24 साल निवासी बडगहान थाना वरदा जिला आजमगढ़ उत्तर प्रदेश हाल वार्ड नंबर 07 कपिलधारा बिजुरी एवं कुंदन लोनी पिता कामता लोनी उम्र 21 साल निवासी ग्राम सेमरा थाना बुढार जिला शहडोल के विरुद्ध थाना चचाई में अपराध क्रमांक 164/25 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर पूछताछ की गई तो पेंड्रा गौरेला छत्तीसगढ़, वेंकट नगर जैतहरी, अनूपपुर, मनेंद्रगढ़, राजेंद्रग्राम, शहडोल, व्यौहारी, सीधी, सतना, रीवा, इलाहाबाद उत्तर प्रदेश तरफ रात्रि में खड़े ट्रक ट्रेलर वाहनों से डीजल चोरी कर सेमरा थाना बुढार के बाबूराम साहू, लाला साहू को चोरी के डीजल बेचना और उसी के पास चोरी करने के लिए प्लास्टिक के डिब्बे, पाइप रखना बताए थे और 23/05/2025 को भी मेडियारास पेट्रोल पंप के पास से ट्रेलर गाड़ी से ढाई सौ लीटर डीजल मनीष यादव की कीया करेंस वाहन क्रमांक **CG** -10 -बीयू -5909 मे चोरी किया हुआ डीजल को परिवहन कर सेमरा में बेचना बताएं थे जिन्हें 04/05/2025 को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया जा चुका है। चोरी के डीजल बेचने वाले एवं जिसमें डीजल चोरी हेतु उपयोग करने वाले समान डिब्बा पाइप टाटा इंडिगो कार दिनांक 05/06/2025 को आरोपी बाबूराम पिता धनीराम साहू उम्र 38 साल एवं लाला प्रसाद साहू पिता धनीराम साहू उम्र 38 साल दोनों निवासी सेमरा थाना बुढार जिला शहडोल को दस्तयाब कर इनके पास से चोरी के लिए उपयोग करने वाले समान 9 प्लास्टिक के डिब्बे ,दो प्लास्टिक की पाइप एवं टाटा इंडिगो **eCS** कार नंबर एमपी 18-**C**-4236 कुल कीमत 200000 लाख रुपए को जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है अन्य आरोपियों की पता तलाश जारी है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी सुंद्रेश सिंह, उप निरीक्षक बीएल गौलिया, प्रधान आरक्षक विकास, प्रधान आरक्षक राजेंद्र, प्रधान आरक्षक अशोक बर्मन, आरक्षक राकेश एवं साइबर सेल प्रधान आरक्षक राजेंद्र अहिरवार, आरक्षक पंकज मिश्रा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## ग्राम पंचायत पोड़ी में किया गया पौधा रोपण

**हरिभूमि न्यूज जमुना/बदरा।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के नेतृत्व में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में वि.ख.जैतहरी से.क्र.04 के अंतर्गत ग्राम पंचायत पोड़ी में फलदार पौधों का रोपण किया गया जिसमें अमरूद, आम, जामुन के पौधे रोपित किए गए। तत्पश्चात जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत एवं विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विकासखंड जैतहरी के विकासखंड समन्वयक फत्ते सिंह सेक्टर परामर्शदाता टीकम नायक नवांकुर संस्था के प्रतिनिधि दिनेश विश्वकर्मा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष, सचिव ग्राम पंचायत पोड़ी के सरपंच रोजगार सहायक सचिव और Cmcldp के छात्र छात्राएं एवं स्थानीय लोगों की सहभागिता रही।



## पर्यावरण हमारे जीवन की आधारशिला है : कंचन सिंह



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** पर्यावरण हमारे जीवन की आधारशिला है यदि हम इसका संरक्षण नहीं करते हैं तो हमारा अस्तित्व खतरे में पढ़ सकता है इसलिए हमें अपने आसपास के पर्यावरण को स्वच्छ सुरक्षित और संतुलित बनाए रखने का प्रयास करना होगा उक्त उद्गार श्रीमती कंचन सिंह सरपंच ग्राम पंचायत बैहाटोला मे विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में व्यक्त की यह कार्यक्रम नवांकुर संस्था जीएस हितकारिणी समिति कोतमा एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बैहाटोला तथा सीएमएलसीडीपी के संयुक्त कार्यक्रम में व्यक्त किया कार्यक्रम में सरीमन साकेत विकासखंड समन्वयक मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद कोतमा पंचायत सचिव जगदीश साहू उपस्थित थे। ओंकार सिंह ने कार्यक्रम के संदर्भ में जानकारी देते हुए बताया कि प्लास्टिक हमारे जीवन को सरल और सुविधाजनक बनता है लेकिन इसके अत्यधिक और लापरवाह उपयोग ने पूरी पृथ्वी को संकट में डाल दिया है इससे कई समस्याएं हैं कूड़े के पहाड़, समुद्री जीव संकट, पशुओं की मृत्यु, जैसे कई कारण है अपने स्तर पर प्लास्टिक का कम उपयोग करना होगा तथा सही निपटावन की आदत डालनी होगी। श्री साकेत ने बताया कि पर्यावरण दिवस मनाने का मूल कारण यह है कि पर्यावरण की सुरक्षा संरक्षण संवर्धन के प्रति जागरूक करना यह दिन केवल प्रकृति के महत्व को समझने का अवसर देता है बल्कि हमें सोचने पर भी मजबूर करता है। श्री साहू ने कहा कि पर्यावरण व सब कुछ है जो हमारे चारों ओर है यह हमारे जीवन जीने की का आवश्यक संसाधन है अगर पर्यावरण संतुलित है तो जीवन सुख में है कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद नजीर खान मेंटर्स ने किया इस कार्यक्रम में निर्मला सिंह प्रदीप सिंह राजकुमार सिंह प्रभा महारा अंजलि केवट शांति केवट साक्षी सिंह साजिदा परवीन रोशनी केवट आदि उपस्थित थे अंत में आम बिही नींबू का पौधा रोपण किया गया तथा शपथ भी दिलाई गई।

विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पौधा मां के नाम का रोपण

# नगर परिषद अमरकंटक एवं नर्मदे हर सेवा न्यास द्वारा वृक्षारोपण किया गया

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पवित्र नगरी अमरकंटक के नगर परिषद के तत्वाधान में एवं स्थानीय नर्मदे हर सेवा न्यास बराती अमरकंटक के द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के तहत वृहद एक वृक्ष मां के नाम पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर धरती माता की हरी धानी चुनरी हरीतिमा से भरी रहे। वृक्षारोपण कार्य महान एक वृक्ष सौ पुत्र समान के स्लोगन एक वृक्ष मां के नाम के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन दोनों स्थलों पर किया गया। स्थानीय पवित्र नगरी अमरकंटक के नगर परिषद के द्वारा सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के बगल से मुक्तिधाम के रिक्त भूमि पर विधिवत फेंसिंग किया जाकर लगभग 1000 फलदार छायादार वृक्षों का रोपण नगर परिषद अध्यक्ष पार्वती सिंह, प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष वरिष्ठ भाजपा नेता अंबिका तिवारी, पंडित धनेश द्विवेदी, वंदे महाराज, पूर्व अध्यक्ष प्रभा पनारिया, पार्षद रोशन पनारिया, सेवानिवृत शिक्षक ओपी गौतम, शिव प्रसाद सिंह धुर्वे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, पत्रकार धनंजय तिवारी, लेखपाल चैन सिंह मंडलोई, गणेश पाठक, पूर्णिमा प्रजापति, मेघा सिंह ने वृक्षारोपण किया।

### नर्मदे हर सेवा न्यास मे भी पौध रोपण

नर्मदे हर सेवा न्यास बराती धाम अमरकंटक में भी एक पेड़ मां के नाम आयोजन में शांति कुटी आश्रम के प्रमुख संत महामंडलेश्वर रामभूषण दास महाराज के मुख्य आतिथ्य मे धारकुंडी आश्रम के संत लवलीन महाराज, नर्मदा मंदिर के पुजारी



धनेश द्विवेदी, वंदे महाराज तथा राजेश आजाद के विशिष्ट आतिथ्य तथा कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री मंत्री दर्जा प्राप्त रामलाल रौतेल की अध्यक्षता में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ। परिसर में लगभग एक सैकड़ा छायादार तथा फलदार पौधे रोपित किया गया। इस अवसर पर एक संक्षिप्त सभा आयोजित हुई इसके पूर्व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम प्रारंभ हुआ तथा नर्मदे हर सेवा न्यास के संस्थापक ब्रह्मलीन भगवत शरण माथुर के छायाचित्र पर सभी उपस्थित जनों ने पुष्प अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की तथा पुण्य स्मरण किया। सभा को स्वामी रामभूषण दास महाराज स्वामी लवलीन महाराज बंदे महाराज ने वृक्ष लगाने के पर्यावरणीय को महत्व बताया। सभा में रामलाल रौतेल सभी का स्वागत भाषण दिया। नर्मदे हर सेवा न्यास कार्यक्रम में अन्य लोगों के अलावा संत राम भूषण दास, संत लवलीन महाराज, मृत्युंजय आश्रम के योगेश दुबे, धनेश द्विवेदी, राजेश आजाद, अंबिका तिवारी, राम गोपाल द्विवेदी, प्रभा पनारिया, रोशन पनारिया, सावित्री सिंह, ममता पारस, ऊषा पांडेय, सोनू जैन, प्रदीप खत्री, ओपी गौतम, अश्वनी तिवारी, पत्रकार रमेश तिवारी, श्रवण उपाध्याय, धनंजय तिवारी, उमाशंकर पाण्डेय मुन्नू उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जन अभियान परिषद के प्रमुख उमेश पांडेय ने किया।

## खबर संक्षेप

### नपा के वार्ड 7 एकता स्व सहायता समूह ने फलदार पौधा का किया रोपण



**बुढार।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अमृत मित्र योजना के अंतर्गत वूमेन फांर ट्रीज अभियान योजना के तहत नगर में स्वच्छ वातावरण एवं पर्यावरण को संतुलित बनाए रखने के उद्देश्य से नगर परिषद बुढार के वार्ड क्रमांक 7 में स्थित फिल्टर प्लांट में एकता स्व सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा हरे हरे फलदार वृक्ष को रोपित किया।प्रभारी सीएमओ सौरभ श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस पर कलेक्टर के निर्देशन पर नगर के वार्ड सात में 20 नग पौधे का रोपण किया गया जिसमें फलदार आंवला, अमरुद, एवं कटहल के पौधे लगाए गए हैं जिसकी देखरेख विभाग के द्वारा जीवांत रखने के लिए किया जायेगा। इस दौरान एकता स्व सहायता समूह की सदस्य एवं इंजीनियर सीपी पांडेय,अभय शुकला, पार्षद मोहन बैंगा, सीता राम कोरी, मनोज वर्मा, संजय द्विवेदी,अमीरुद्दीन, सुश्री रागिनी चूटहेल आदि उपस्थित रहे।

### शांति समिति की बैठक संपन्न



**ब्यौहारी।** थाना ब्यौहारी-के अंतर्गत बकरीद के त्यौहार को देखते हुए शांति समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमें हिंदू मुसलमान दोनों समुदायों के प्रमुख लोग उपस्थित हुए बकरीद का त्योहार शांति के साथ मनाएं जाने की अपील की गई मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष रमजान कादरी ने बताया कि मुख्य नमाज ईदगाह में होगी सुबह 8:00 बजे उसके बाद बकरे की कुर्बानी दी जाएगी बैठक में प्रमुख रूप से सुनील गुर्जर तहसीलदार, अरुण पांडे नगर निरीक्षक, शरद गौतम मुख्य नगर पालिका अधिकारी ,पत्रकार एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु मजिस्ट्रीरियल लगाई गई ड्युटी

**उमरिया।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ईदुज्जुहा का पर्व 7 जून को मनाया जाएगा । कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ने ईदुज्जुहा पर्व के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु अनुविभागीय दंडाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदारो की मजिस्ट्रीरियल ड्युटी लगाई गई है । उन्होने कहा है कि त्यौहार के दौरान जिले की कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु अपर जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर को समय समय पर वस्तु स्थिति से अवगत कराना सुनिश्चित करेगे।

---

दूषित पीने पानी एवं नगर में व्याप्त अनेक समस्याओं के संबंध मे नेता प्रतिपक्ष ने सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

# केमिकल युक्त पीने के पानी से नगर वासियों के जीवन के साथ खिलवाड़

### रेलवे मार्ग पर ट्राफिक व्यवस्था को व्यवस्थित करने

**बुढार।** नगर में पीने के दूषित पानी एवं अनेक व्याप्त समस्याओं को लेकर एवं रेल्वे स्टेशन मार्ग पर आये दिनों लगल रहे ट्राफिक जाम को व्यवस्थित करने नेता प्रतिपक्ष श्रीमती चेतना भानु दीक्षित के नेतृत्व में थाना प्रभारी संजय जायसवाल एवं नगर परिषद सीएमओ सौरभ श्रीवास्तव को सौंपा ज्ञापन।

शुक्रवार को दर्जनों कांग्रेसियों ने नगर परिषद कार्यालय पहुंचकर कर नगर में व्याप्त पीने का पानी सड़क, विधुत जैसी अनेक समस्याओं को लेकर विरोध करते हुए कहा है कि नगर परिषद के अंतर्गत विभिन्न वार्डों में कई मूलभूत सुविधाओं की दरकार है जिसका निराकरण नहीं किया जा रहा है।

पहले जैसे बड़े वाहनों पर नो एंट्री की व्यवस्था को पुनः स्थापित किया जाये थाना प्रभारी को रेल्वे ओभर ब्रिज से लेकर रेल्वे स्टेशन जाने वाले नगर के प्रमुख मार्ग पर फुटपाथी सब्जी बाज़ार लगने से आयें दिनों अव्यस्थित वाहन पार्किंग एवं ट्राफिक व्यवस्था के सुधार के लिए नगर परिषद टांसपोर्ट एरिया है जहां पर प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में वाहन खड़े होते हैं और आवागमन करने में परेशानी उठानी पड़ती है सभी वाहन व्यावसायिक होते हैं और बीच-बीच सड़क पर बड़े वाहनों को खड़ा कर देते हैं जिससे आवागमन वंधित होता है उन्हें व्यवस्थित तरीके खड़ा करने की व्यवस्था बनने में अपना सहयोग प्रदान करें,साथ ही पहले जैसे बड़े वाहनों को दिन में नो एंट्री कर शहर से आना-जाना करने पर रोक लगाई जाए।

### नगर परिषद पीने के दूषित को बंद करें

सौपे गये ज्ञापन में उल्लेखित करते हुए बताया कि विगत कई महीनों से बुढार के विभिन्न वार्डों में अत्यंत दूषित पेयजल की सप्लाई की जा रही है जिससे विभिन्न प्रकार की बिमारी नगर वासियों को होने की आशंका है जो नगर के स्वास्थ्य की दृष्टिकोण से घातक है।

पेयजल आपूर्ति हेतु पुरे नगर में बने हुए सड़कों का खन्न कर पाइप-लाइन बिछाईं गई है, जिससे समूचा नगर एक अव्यवसायिक नगर के रूप में प्रदर्शित हो



रहा है इसके बावजूद भी नगर वासियों को उक्त पाइपलाइन द्वारा आज तक पेयजल की सप्लाई प्रदाय नहीं की गई, अतः शीघ्र ही सड़कों का मरम्मत कर पानी सप्लाई किया जाये।

नगर के वार्ड क्रमांक 10 में नवनिर्मित कालोनी द्वारिका नगर जो पिछले पांच वर्षों से विधुत सप्लाई से वंधित है यथाशीघ्र विधुत व्यवस्था उपलब्ध कराई जाये, तथा वार्ड क्रमांक 6 में बनीं पक्की सीसी सड़क के ऊपर डामरीकरण का कार्य किया जा रहा है, जबकि उसी वार्ड के विभिन्न महत्वपूर्ण रास्ते निमार्ण कार्य से वंचित हैं, और आवश्यक रास्तों पर किया जाये। नगर के प्रमुख विभिन्न ऐसे वार्डों में पांच वर्षों से पहले भी पेयजल हेतु पाइप-लाइन बिछाईं गई थी इसके बावजूद भी वर्तमान समय पर पुनः शासन के पैसे का दुरपयोग करते हुए पाइप-लाइन बिछाईं गई जो दुर्भाग्य का विषय है।5 साल पहले बिछें पाइप-लाइन से और न ही वर्तमान में बिछें पाइप-लाइन से पानी सप्लाई नगर वासियों को प्रदाय की गई है। ज्ञापन सौप कर विभिन्न मांगों पर यदि निराकरण नहीं किया जाता तो शीघ्र ही आंदोलनात्मक घेराव करने बाध्य होंगे।

### प्रभारी सीएमओ ने कलेक्टर को लिखा था पत्र

नगर परिषद बुढार क्षेत्र में पीने के पानी के दूषित सप्लाई को लेकर प्रभारी सीएमओ सौरभ श्रीवास्तव ने अपने पत्र क्रमांक 725/25 दिनांक 3 जून 2025 को कलेक्टर डॉ केदार सिंह को ग्राम जरवाही में निकाय इंटकवेल स्थापित है और सोन नदी से बुढार के पुरे नगर को सोन नदी से पीने का पानी की सप्लाई किया जाता है, वर्तमान में ओरियंट पेपर मिल प्रबंधन द्वारा दूषित पानी सोन नदी में छोड़ा जा रहा है जिससे नदी का पानी दूषित हो रहा है।

ओपीएम मिल प्रबंधन द्वारा दूषित पानी छोड़े जाने के कारण नगर वासियों को पीने का दूषित केमिकल युक्त पानी सप्लाई हो रहा है।

### ओरियंट पेपर बिल का प्रतिनिधि पहुंचा नपा कार्यालय

जब इस बात की जानकारी ओरियंट पेपर मिल प्रबंधन को मिली तो उन्होंने मौके की नजाकत जानने अपना प्रतिनिधि मंडल के सदस्य प्रमोद दुबे और हिमांशु जायसवाल को मुख्य नगर पालिका अधिकारी के पास चर्चा के लिए नगर परिषद कार्यालय भेज दिया और कहा कि

### थाना प्रभारी संजय जायसवाल को सौंपा ज्ञापन

आप मौके पर पहुंचकर जहां से दुषित जल सोन नदी में मिल रहा है उसका निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दें। ज्ञापन सौंपते समय जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बलमीत सिंह खनूजा, पुर्व ब्लाक अध्यक्ष सुजीत सिंह चंदेल,नपा उपाध्यक्ष शेखर चौधरी,प्रवीण सिंह राजीव शर्मा, सना उल्ला ख़ान,पवन सोनी, पार्षद हर्ष पाठक, मोहन बैंगा, सौरभ सिंह, अभिषेक अग्रवाल सहित भारी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित रहे।

### इनका कहना है

इस संबंध नगर परिषद अध्यक्ष से चर्चा की गई तो उन्होंने कहा कि मैं एक सप्ताह में बाहर यात्रा में थीं में कल कलेक्टर से मिलकर चर्चा कर नगर में सप्लाई हो रहे दूषित पीने के पानी का शीघ्र ही निराकरण करुंगी।

**श्रीमती शालिनी सरावगी**
**नगर परिषद अध्यक्ष बुढार।**

---

## ईदुज्जुहा पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न, पर्व को शांतिपूर्ण भाईचारे के साथ मनाए जाने की अपील



**धनपुरी।** 7 जून–ईदुज्जुहा (बकरीद) मनाऐ जाने को लेकर 5 जून को शांति और सौहार्दपूर्ण से बनाए रखने के उद्देश्य से धनपुरी थाना परिसर में एक महत्वपूर्ण शांति समिति बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक गुरुवार शाम 6:00 बजे शुरू हुई, जिसमें नगर के प्रतिष्ठित नागरिकों, सामाजिक एवं राजनीतिक प्रतिनिधियों तथा पत्रकारों ने भाग लिया।
बैठक की अध्यक्षता एसडीओपी (अनुविभागीय पुलिस अधिकारी) विकास पांडे, नगर पालिका से रामविशाल नापित विद्युत मंडल के प्रतिनिधि की उपस्थिति रही।

### बैठक के मुख्य बिंदु

ईदुज्जुहा के दौरान शहर की विधि-व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए पुलिस द्वारा विशेष सुरक्षा इंतज़ाम किए जाएंगे। साफ-सफाई एवं विद्युत व्यवस्था को चाक-चौबंद बनाए रखने के निर्देश दिए गए।साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के लिए सभी समुदायों से सहयोग की अपील की गई।नगरवासियों से अनुरोध किया गया कि वे अफवाहों से बचें और प्रशासन से तालमेल बनाए रखें। धनपुरी क्षेत्र में ईदुज्जुहा की नमाज़ के लिए तय स्थान और समयः ईदुज्जुहा की नमाज़ के लिए धनपुरी क्षेत्र में कुल तीन प्रमुख स्थलों पर समय निर्धारित किया गया है, जहां पर हजारों की संख्या में लोग नमाज़ अदा करेंगेः मुख्य ईदगाह, बुढ़ार मार्ग – सुबह 9:00 बजे।ईदगाह, कब्रिस्तान मार्ग–सुबह 8:45 बजे। नूरी मस्जिद, बाज़ार मोहल्ला – सुबह 8:30 बजे। निर्धारित समय पर नमाज़ अदा की जाएगी

### एसडीओपी और थाना प्रभारी की अपील

एसडीओपी ने नगरवासियों से अपील की कि वे पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं और प्रशासन को सहयोग दें। साथ ही, त्योहार के दौरान किसी भी तरह की असामाजिक गतिविधियों या अफवाहों से दूर रहने की सलाह दी गई।
उपस्थित जनों में -रामसिंह मोहम्मद आजाद मुजफ्फर अली अयूब खान राशीद खान सदन कपूर डॉ विजय सिंह मेहुल श्रीवास्तव राजू अग्रवाल लक्ष्मन सोनी मुरलीधर त्रिपाठी प्रवीण बड़ोलिया कैलाश महोबिया आदि लोग उपस्थित रहे।

---

## लीनेस क्लब बुढार ने बच्चों के साथ मनाया विश्व पर्यावरण दिवस



**धनपुरी।** विश्व पर्यावरण दिवस के पावन अवसर पर लीनेस क्लब बुढार ने एक ऐसा प्रेरणादायक आयोजन किया, जो न केवल बच्चों के मन में पर्यावरण के प्रति जागरूकता की ज्योति जलाने वाला साबित हुआ, बल्कि समाज के लिए एक आदर्श उदाहरण भी बना।

क्लब की कर्मठ और संवेदनशील अध्यक्ष श्रीमती मोनिका अग्रवाल के नेतृत्व में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें क्लब के सभी सक्रिय सदस्य पूरी ऊर्जा और उत्साह के साथ शामिल हुए। आयोजन की खास बात यह रही कि इसमें पड़ोस के छोटे-छोटे बच्चों को शामिल कर उन्हें प्रकृति से जोड़ने की अनूठी पहल की गई।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रेरणादायक नारों से हुई —
पेड़ लगाओ, ऑक्सीजन बचाओ!
पेड़ लगाओ, पर्यावरण बचाओ!

इन नारों से समूचा वातावरण गूंज उठा। बच्चों ने पूरे जोश और उमंग के साथ इन नारों को दोहराया और पेड़ लगाने के महत्व को गहराई से समझा।

इसके पश्चात वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ, जिसमें बेल, आम, कटहल, बड़हल और हलदर जैसे बहुउपयोगी और पर्यावरण अनुकूल वृक्षों को बच्चों व सदस्यों द्वारा बड़े प्रेम और जिम्मेदारी से रोपा गया।

### क्लब अध्यक्ष मोनिका अग्रवाल ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहाः

ऱ्हर पेड़ एक जीवन है। आज लगाया गया एक पौधा, कल की शुद्ध हवा, फल, छाया और जल संचय का स्रोत बनेगा। पेड़ लगाना केवल एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए सबसे बड़ा उपहार है।

बच्चों की आंखों में प्रकृति के प्रति प्यार और जिम्मेदारी की चमक देख कर स्पष्ट था कि यह आयोजन उनके जीवन में एक गहरी छाप छोड़ गया। पूरे कार्यक्रम के दौरान हर्षोल्लास और उत्सव का माहौल रहा।

अंत में सभी ने यह संकल्प लिया कि वे न केवल एक पौधा लगाएंगे, बल्कि उसे पालेंगे, संवारेंगे और उसकी रक्षा करेंगे।

इस प्रेरणास्पद आयोजन ने यह सिद्ध कर दिया कि यदि बच्चों को सही दिशा और मंच मिले, तो वे भी पर्यावरण रक्षा के महान कार्य में सहभागी बन सकते हैं। लीनेस क्लब बुढार का यह प्रयास समाज के लिए अनुकरणीय और प्रशंसनीय है।

लीनेस अध्यक्ष मोनिका अग्रवाल सचिव अंजू अग्रवाल कोषाध्यक्ष श्यामा गुप्ता स्नेह लता गुप्ता रजनी जैन अर्चना ओझा बिंदा भगत अंजू दुआ प्रतिमा जैन साधना अग्रवाल ज्योति सिंह बघेल ज्योति खनूजा की उपस्थिति रही।

---

### म.प्र.जन अभियान परिषद द्वारा मनाया गया बावड़ी उत्सव कार्यक्रम

उमरिया। म.प्र.जन अभियान परिषद द्वारा नगर चंदिया में बावड़ी उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया । जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नगर चंदिया में बावड़ी उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ नगर परिषद अध्यक्ष चंदिया पुरुषोत्तम कोल ने प्राचीन देवी लक्ष्मी के मंदिर में देवी पूजन करके किया । मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला समन्वयक रविन्द्र शुक्ला ने प्रकृति में पीने योग्य जल संरक्षण एवं प्राकृतिक जल स्त्रोत के संवर्धन हेतु जन समुदाय को उत्प्रेरित किया । राम नारायण पायासी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हेतु व्यापक रूप से पहल की जा रही है । पौध रोपण, बोरी बंधान के द्वारा प्रकृति के वातावरण को संतुलित बनाने हेतु पौधरोपण करने की बात कही। इस अवसर पर पार्षद सुरेंद मढक़रहा, प्रभु दयाल रजक, मुकेश वर्मा ,समाज सेवी लक्ष्मीकांत गौतम, स्वच्छता निरीक्षक जानकी दास मिश्र, राज्य आनंद संस्थान से संजय पांडे हार्टफुल संस्थान अशोका सिंह , परामर्शदाता राघवेन्द्रज द्विवेदी , सीएमसीएलडीपी छात्र, नगर वासी एवं अन्य प्रबुद्ध नागरिक जन इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।



## सिविल डिफेंस प्लान के अंतर्गत विभिन्न सीडी सर्विस हेतु अधिकारी नियुक्त

**उमरिया।** भारत सरकार मंत्रालय व्दारा जारी मास्टर प्लान फार सिविल डिफेंस 2003 के अंतर्गत उमरिया जिले के सिविल डिफेंस प्लान के अनुसार धरणेन्द्र कुमार जैन जिला मजिस्ट्रेट नियंत्रक नागरिक सेवा के रूप में समस्त दल के नोडल होगे तथा पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू अतिरिक्त नियंत्रक पुलिस दल के अनुसार नोडल होगे । सिविल डिफेंस प्लान के अंतर्गत विभिन्न सीडी सर्विस हेतु अधिकारियों को नियुक्त किया गया है । योजना नियंत्रण व विभिन्न सेवाओ मे आपसी सहयोग बनाये रखने के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, जनता को आवश्यक जानकारी देने के लिए डिसट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड, संचार व्यवस्थाए कायम रखने व आम जनता को खतरे की सूचना को प्रसारित करने की व्यवस्था करने हेतु जनसंपर्क अधिकारी, प्रबंधक लोक सेवा , ई गर्वनेंस मैनेजर, घायलों के उपचार दुर्घटना स्थल पर प्रथम उपचार देने के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्वथ्य अधिकारी, जगह जगह आग लगने पर आग पर काबू करनें की व्यवस्था के लिए परियोजना अधिकारी जिला शहरी अभिकरण, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, आम जनता वालेटियर्स को आपदा प्रबंधन संबंधित प्रशिक्षण, जन जागरूकता, कार्यक्रम, कार्यशालाओ के आयोजन हेतु डिसट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड , प्लाटून कमांडर होमगार्ड, मलबे में दबे या उंची बिल्डिंग में फंसे व्यक्तियो को निकालकर सुरक्षित स्थान पर ले जाने की व्यवस्था, एवं बचाव कार्य के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस उमरिया, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पाली, डिस्ट्क्टि कमांडेंट होमगार्ड, आपातकाल में आम जनता को अत्यावश्यक सामग्री के वितरण की व्यवस्था के लिए जिला खाद्य अधिकारी, जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम उमरिया, घर छोडक़र चले गये लोग या किसी परिवार के मृत , गुम हुए लोगो की संपत्ति को सुरक्षित रखने के लिए कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग , कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग पी आई यू, मनोवैज्ञानिक एवं अन्य कल्याणकारी उपाय जिसमें जन जीवन सामान्य हो सके के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत समस्त , मुख्य नगर पालिका अधिकारी समस्त, आवश्यक परिवहन की व्यवस्था के लिए क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी तथा मृत व्यक्तियो , पशुओ के निपटारे की व्यवस्था के लिए सीएमएचओ, उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं , सीएमओ उमरिया को नियुक्त किया गया है ।

---

## कलेक्टर सभागार में स्टैडिंग कमेटी की बैठक संपन्न



**उमरिया।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी रीता डेहरिया की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में स्टैडिंग कमेटी की बैठक संपन्न हुई । उप निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मप्र राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल के निर्देशानुसार फोटोयुक्त प्रारूप मतदाता सूची का ग्राम पंचायत एवं अन्य विहित स्थानों पर 5 जून को जनपद पंचायत करकेली के ग्राम पंचायत पथरहठा, बंधवाटोला में मतदाता सूची का प्रकाशन 1 जनवरी 2025 की स्थिति में किया गया है । प्रकाशन उपरांत 5 जून से 11 जून तक ग्राम पंचायत स्तर पर प्राधिकृत कर्मचारी व्दारा दावे आपत्ति प्राप्त किए जाएगे । प्राप्त दावे आपत्तियों का निराकरण रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व्दारा 17 जून को किया जाएगा । रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कमलेश नीरज ने कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर 5 से 11 जून तक ग्राम पंचायत स्ती पर कार्यालयीन समय में दावे आपत्ति प्राधिकृत कर्मचारी के समक्ष प्रस्तुत किए जा सकेगे । इस अवसर पर मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों से धनुषधारी सिंह, राजीव सिंह प्रदीप कुमार रजक, उप पंजीयक आशीष श्रीवास्तव , प्रखर कस्तांवर, दीपचंद बर्मन, निर्वाचन सुपरवाईजर हरिशंकर झारिया, स्थानीय निर्वाचन से विनय खरे उपस्थित रहे ।

### पथरौड़ी में कृषक संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** विकसित कृषि संकल्प अभियान 29 मई से 12 जून 2025 तक जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में चलाया जा रहा है। इस अभियान के अन्तर्गत कृषकों को केन्द्रीय योजनाओं एवं मध्यप्रदेश शासन की प्रमुख योजनाओं, कृषि वैज्ञानिकों द्वारा इजाद की गई नवीन उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी तथा कृषि में किये जा रहे नवाचारों की जानकारी दी जा रही है। शुक्रवार को जनपद पंचायत कोतमा अंतर्गत ग्राम पंचायत पथरौडी मे विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें वैज्ञानिकों द्वारा किसानो को कई महत्वपूर्ण जानकारी जैसे कृषि यंत्रीकरण डीएसआर द्वारा धान बुवाई, एनपीके खाद के उपयोग एवं लाभ, साल में दो फसल की खेती करना, खेती के साथ अन्य कार्य, पशुपालन, सब्जी उत्पादन, बकरी पालन, गोबर से खाद तैयार करने, घर पर कीटनाशक बनाने, धान की सीधी बुवाई करने, रोपित धान उचित समय पर लगाने एवं विभिन्न विभागों के अंतर्गत चल रही योजनाओं आदि की जानकारी देते हुए किसानों को लाभान्वित किया गया। संगोष्ठी में कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. पाण्डेय, कृषि वैज्ञानिक डॉ. संदीप चौहान, कृषि विभाग की जिला अधिकारी श्रीमती निशा सिन्हा एवं उद्यानिकी तथा पशुपालन विभाग के अधकारी-कर्मचारी, ग्राम पंचायत के सरपंच महेन्द्र मरावी, जनप्रतिनिधि, कृषक उपस्थित रहे। 07 जून को विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत विकासखण्ड अनूपपुर के ग्राम टॉकी, चुकान, मलगा, विकासखण्ड कोतमा के ग्राम गुलीडांड, उमरदा, कोठी, विकासखण्ड जैतहरी के ग्राम सेमरवार, गोरसी, गोधन एवं विकासखण्ड पुष्पराजगढ़ के ग्राम लखौरा, किरगी, धरहरकला में कृषक संगोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा।

## किसानों को योजनाओं की जानकारी से कराया जा रहा अवगत



**उमरिया।** जिले में किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग एवं कृषि विज्ञान केन्द्र उमरिया द्वारा भारत सरकार के निर्देशानुसार विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत क्लस्टर रूट चार्ट अनुसार पंचायतो में आयोजित अभियान कार्यक्रम में वैज्ञानिक एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी एवं किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के मैदानी अमले के द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी एवं वैज्ञानिकों द्वारा खेती की उन्नत तकनीक नवीन किस्मों के बीज जैविक खेती, प्राकृतिक खेती, मिट्टी परीक्षण, स्वाईल हेल्थ कार्ड, उन्नत कृषि यंत्र आदि से संबंधित जानकारी कार्यक्रम के दौरान कृषकों को दिया जा रहा है। उप संचालक कृषि संग्राम सिंह मरावी द्वारा कार्यक्रमों में उपस्थित होकर विकसित कृषि संकल्प अभियान से संबंधित जानकारी दी जा रही है तथा कृषकों को विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजना की जानकारी कृषि विभाग पशु पालन विभाग, कृषि अभियांत्रिकी विभाग, उद्यान विभाग, इसके अलावा मत्स्य पालन विभाग, राजस्व विभाग महिला बाल विकास विभाग के कर्मचारियों द्वारा विभाग में संचालित योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम विकास खंण्ड करकेली में ग्राम पंचायत मड़वा मझगवां, कौडिया विकासखण्ड मानपुर मे सुखदास, बकेली, उमरिया विकासखण्ड पाली मे महरोई, अमिलिहा सेमरिया पंचायतो में विकसित कृषि संकल्प कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर विकसित कृषि संकल्प अभियान के मुख्य बिन्दुओं की जानकारी कृषकों को दी गई, खेती की उन्नत तकनीक के विभिन्न जानकारी वैज्ञानिकों द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित कृषकों को दिया गया।

**पिता-पुत्र पहले भी कर चुके ऐसा कृत्य, थाने तक पहुंचा मामला**

# पेड़ हटाने गये सीएमओ को कुल्हाड़ी लहराकर युवक ने धमकाया

हरिभूमि न्यूज कोतमा

शुक्रवार को नगर के मंगल भवन के सामने आम रास्ते पर पिछले कई दिनों से गिरे पेड़ के कारण आवागमन प्रभावित होने की शिकायत पर पेड़ हटाने गए सीएमओ प्रदीप झरिया एवं राजस्व अधिकारियों को एक युवक के द्वारा कुल्हाड़ी लेकर धमकाने का मामला सामने आया है। बसंत तिवारी एवं उसके पुत्र द्वारा पेड़ ना हटाने एवं कुल्हाड़ी लहराते हुए धमकी दिए जाने की घटना के बाद दहशत मच गई। घटना के बारे में बताया जाता है कि वार्ड क्रमांक 6 में स्थित रोड का वर्षों से आम रास्ते में उपयोग किया जा रहा है। पूर्व में नगर पालिका द्वारा सड़क निर्माण के दौरान भी बसंत तिवारी द्वारा अपने पट्टे की जमीन कहते हुए विवाद कर बाधा पहुंचाई गई थी। वार्डवासियों द्वारा मामले की शिकायत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय किए जाने के बाद मामले की जांच चल रही है। बीते दोनों आंधी तूफान से आम के पेड़ गिरने के कारण वार्डवासियों एवं अन्य लोगों को आने जाने में हो रही परेशानी को लेकर 6 जून को नपा अधिकारी प्रदीप झरिया, राजस्व योगेंद्र तिवारी सहित नपा अमला पहुंचकर



हटाने लगे इसी दौरान बसंत तिवारी एवं उसके पुत्र द्वारा आपत्ति करते हुए शासकीय कार्य में व्यवधान डालने लगे। भारी भीड़ के बीच कुल्हाड़ी लेकर आने से दहशत मच गई कुछ लोग भाग खड़े हुए। नपा टीम द्वारा हथियार को अपने कब्जे में लेने का प्रयास भी किया गया। नपा सीएमओ प्रदीप झरिया ने बताया कि बसंत तिवारी एवं उसके पुत्र लगातार लगातार जनहित के कार्यों में अड़ंगा लगाया जाता रहा है। बसंत तिवारी द्वारा पूर्व में भी आम निस्तार की रोड को बंद करने का दुस्साहस करते हुए बीच रास्ते में गड्ढा खोदकर रोड को ही बंद किया जा रहा था। जिसकी शिकायत नगर पालिका एवं नागरिकों द्वारा एसडीम अजीत तिर्की को ज्ञापन सौंपते हुए कार्यवाही की मांग की गई थी। राजस्व अधिकारियों द्वारा मौका पंचनामा एवं वार्डवासियों के बयान में भी उक्त मार्ग को आम उपयोग के लिए रास्ता होना बताया जा रहा है। पूरे मामले को लेकर सीएमओ प्रदीप झरिया के द्वारा शासकीय कार्य में व्यवधान एवं घातक हथियार लेकर धमकाने की शिकायत थाना कोतमा में की गई है पुलिस के द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

### इनका कहना है

शिकायत प्राप्त हुई है, जांच भी की जा रही है। जांच उपरांत दोषी होने पर कार्यवाही की जाएगी।

**रत्नांबर शुक्ला**
थाना प्रभारी कोतमा

# अनूपपुर में अंतर्राष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ (इस्कॉन) केंद्र हुआ प्रारंभ

### 5 जुलाई को भगवान जगन्नाथ रथयात्रा का होगा आयोजन



हरिभूमि न्यूज अनूपपुर

इस्कॉन के त्रिदंडी संन्यासी श्रीमद भक्ति प्रेम स्वामी महाराज के अनूपपुर प्रवास के दौरान स्थानीय भक्तों के अनुरोध पर इस्कॉन केंद्र की स्थापना की गई है। यह केन्द्र शंकर मंदिर चौराहे के पास आईसीआईसीआई बैंक की ऊपरी मंजिल पर स्थित है। केंद्र का उद्देश्य भगवद गीता और श्रीमद्भागवतम की शिक्षाओं का प्रचार-प्रसार करना है, जिससे लोग भगवान श्रीकृष्ण के साथ अपने शाश्वत संबंध को पुनःस्थापित कर सके।

### होगा साप्ताहिक कार्यक्रम

प्रत्येक रविवार शाम 5 से 7:30 बजे तक इस्कॉन केंद्र में कीर्तन,कथा और प्रसाद वितरण का आयोजन किया जा है। कार्यक्रम में सभी को खुला आमंत्रित दिया गया है इसका उद्देश्य भक्तिमय वातावरण में आध्यात्मिक अनुभव प्रदान करना है। इस्कॉन केंद्र में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा के आयोजन को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में आगामी 5 जुलाई को भगवान जगन्नाथ रथयात्रा की रूपरेखा और आयोजन की तैयारियों पर चर्चा की गई।

# लिटिल स्टेप्स हाई स्कूल में समर कैंप का आयोजन



हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

अनूपपुर जिले के बच्चों के लिए गर्मी की छुट्टियों की शुरुआत इस बार कुछ अलग अंदाज़ में हुई। लिटिल स्टेप्स हाई स्कूल द्वारा आयोजित समर कैंप 2025 का पहला दिन बेहद जोश और उमंग के साथ संपन्न हुआ। पहले ही दिन 60 से अधिक छात्रों की भागीदारी रही और यह संख्या जल्दी ही 100+ को पार करने वाली है। दिन की शुरुआत सकारात्मक ऊर्जा से भरे योगाभ्यास से हुई, जिसके बाद बच्चों ने ट्रैम्पोलिन जंप, क्रिकेट, डिस्क थ्रो, डांस, और क्राफ्ट जैसी मजेदार और रचनात्मक गतिविधियों में हिस्सा लिया। हर गतिविधि ने बच्चों को न सिर्फ आनंदित किया, बल्कि उनमें आत्मविश्वास और टीम भावना भी विकसित की। स्कूल प्रबंधन ने बच्चों की सेहत और ऊर्जा का भी पूरा ध्यान रखा। दिन भर की एक्टिविटीज़ के दौरान बच्चों को एनर्जी ड्रिंक्स और रिफ्रेशमेंट्स भी सर्व किए गए, जिससे वे पूरी ताजगी और उत्साह के साथ भागीदारी करते रहे। इस कैंप की सबसे खास बात यह है कि हर दिन कुछ नया और सरप्राइज़िंग होने वाला है। आयोजकों ने बताया कि आने वाले दिनों में और भी अनोखी गतिविधियां, खेल, प्रतियोगिताएं और उपहार बच्चों को चौंकाने और उत्साहित करने के लिए तैयार हैं। पहले दिन की शानदार शुरुआत ने यह साबित कर दिया है कि यह समर कैंप बच्चों के लिए केवल मस्ती नहीं, बल्कि एक यादगार और सीखने से भरपूर अनुभव बनने जा रहा है। यदि अब तक आपने रजिस्ट्रेशन नहीं करवाया है, तो जल्दी करें आने वाला हर दिन कुछ नया लेकर आएगा इस समर कैंप के सफल आयोजन की रूपरेखा तैयार करने और उसे व्यवस्थित रूप से संचालित करने में अंजली मैम, महवश मैम और भानुप्रिया मैम की विशेष भूमिका रही। उनके मार्गदर्शन और समर्पण के बिना यह आयोजन इतनी शानदार शुरुआत नहीं कर पाता। आने वाले दिनों में भी उनके नेतृत्व में समर कैंप बच्चों के लिए और भी यादगार बनने वाला है।

# कांवड़ में नर्मदा जल लेकर अनूपपुर से केदारनाथ यात्रा पर निकले मन्नूलाल सेन

### सपने में मिला मां नर्मदा का आदेश



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** मां नर्मदा की पवित्र पावन भूमि अमरकंटक से अनूपपुर निवासी मन्नूलाल सेन ने मां नर्मदा की पूजा अर्चना कर मां नर्मदा का आशीर्वाद लेकर कावड़ में मां नर्मदा के जल को लेकर केदारनाथ के लिए 1 जून को अमरकंटक से पद यात्रा में निकल पड़े जो वर्तमान में उमरिया जिले की सीमा में है उनकी यह पदयात्रा 61 दिन में पूरी होगी। कई बार पदयात्रा कर चुके मन्नूलाल सेन ने जानकारी देते हुए बताया कि वह मां नर्मदा के सपने में मिले संदेश के बाद मां नर्मदा को लेकर भगवान केदारनाथ तक की कठिन पदयात्रा पर निकले हैं। उन्होंने बताया कि वह अनूपपुर जिला मुख्यालय के वार्ड क्रमांक 9 के निवासी हैं। यह कोई सामान्य यात्रा नहीं है, बल्कि भक्ति, विश्वास और दिव्य प्रेरणा से जुड़ी हुई एक अनोखी साधना है। मन्नूलाल सेन अपने साथ नर्मदा जल लेकर पैदल केदारनाथ की ओर अग्रसर हैं। वे कहते हैं कि यह यात्रा न केवल उनके लिए बल्कि समस्त मानवता के लिए एक संदेश है। जब मन में श्रद्धा हो और आत्मा सच्चे संकल्प से जुड़ी हो, तो कोई भी मार्ग कठिन नहीं होता। मन्नूलाल सेन बताते हैं कि एक रात उन्हें स्वप्न में माँ नर्मदा के दर्शन हुए। उस स्वप्न में नर्मदा मैया ने उनसे कहा, बेटा, मुझे अपने पिता के पास जाना है। मुझे केदारनाथ तक ले चलो। मन्नूलाल कहते हैं कि उन्होंने सपने को सिर्फ एक सपना नहीं माना, बल्कि उसे एक आदेश, एक आशीर्वाद समझा। माँ नर्मदा की इस आज्ञा को उन्होंने अपने जीवन का उद्देश्य बना लिया और उसी दिन से उन्होंने इस कठिन यात्रा की तैयारी शुरू कर दी। 1 जून को उन्होंने अमरकंटक से अपनी पदयात्रा की शुरुआत की। वे इस संकल्प के साथ चल रहे हैं कि 61 दिनों में केदारनाथ धाम पहुँचकर भगवान शिव के चरणों में नर्मदा जल अर्पित करेंगे। यह एक ऐसा अनुष्ठान है जिसमें श्रद्धा, आस्था और तप का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। यह पहली बार नहीं है जब मन्नूलाल ने इस प्रकार की लम्बी पदयात्रा की हो।वे अब तक अनूपपुर से अमरकंटक तक 52 बार पदयात्रा कर चुके हैं। इसके अलावा उन्होंने लगभग 3960 किलोमीटर लंबी कठिन नर्मदा परिक्रमा भी पूरी की है, जिसे आध्यात्मिक यात्रा का सर्वोच्च रूप माना जाता है। मन्नूलाल ने अनूपपुर से अयोध्या तक लगभग 850 किलोमीटर की पदयात्रा भी की है। हाल ही में कावड़ लेकर बाबा बैजनाथ धाम तक भी पदयात्रा किए हैं। उनकी यह यात्रा उनकी छठवीं बड़ी धार्मिक पदयात्रा है, लेकिन उनके अनुसार यह सबसे विशेष है,क्‌योंकि यह स्वयं देवी नर्मदा के आदेश से प्रारंभ हुई है। अपनी यात्रा के पांचवें दिन वे उमरिया जिले के पाली पहुंचे, जहाँ उनका आत्मीय स्वागत किया गया। स्थानीय लोगों ने उन्हें श्रद्धा के साथ भोजन, जल और विश्राम की व्यवस्था प्रदान की। ग्रामीणों ने उनकी इस आस्था से भरी यात्रा को एक उदाहरण बताते हुए कहा कि आज के समय में ऐसे संकल्प दुर्लभ हैं। पाली में उपस्थित श्रद्धालुओं और युवाओं ने मन्नूलाल से उनकी यात्रा की प्रेरणा के बारे में जाना और भावुकता के साथ उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। कई लोग इस बात से प्रभावित हुए कि एक सामान्य व्यक्ति कैसे एक असाधारण उद्देश्य को लेकर अपने पथ पर निडरता से बढ़ सकता है। मन्नूलाल की यात्रा न केवल एक धार्मिक कार्य है, बल्कि यह एक प्रेरणा है कि जब आत्मा सच्ची भावना से जुड़ी हो, तो ब्रह्मांड स्वयं उस पथ को सरल बना देता है। उनकी आस्था, निष्ठा और नर्मदा माँ के प्रति समर्पण आज लोगों के लिए श्रद्धा और प्रेरणा का स्रोत बन गया है।

## आरोपी सूदखोर मोतीलाल साहू की न्यायालय ने जमानत की निरस्त

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

जिला लोक अभियोजक अनूपुपर पुष्पेन्द्र कुमार मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि ब्याज का धंधा करने वाले आरोपी मोतीलाल साहू की जमानत प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनूपपुर श्रीमती माया विश्वलाल ने निरस्त करते हुये आरोपी को जेल भेज दिया। आरोपी मोतीलाल साहू पिता ईश्वरदीन साहू निवासी बिजुरी उर्जानगर थाना बिजुरी तहसील कोतमा के उपर आरोप है कि उसने फरियादी धरमजीत कोल को 10 प्रतिशत मासिक बयाज की दर से 20,000/-रू0 उधार दिया और अमानत के तौर पर उसका एटीएम एवं चेक बुक बेईमानी से अपने पास रख लिया तथा उक्त एटीएम एवं चेक बुक के करीब 1 लाख रूपये निकाल लिया और फरियादी को जान से मारने की धमकी भी दिया। उक्त अपराध के संबंध में थाना बिजुरी में अपराध कायमी की जाकर विवेचना करते हुये आरोपी से फरियादी का चेक बुक, एटीएम जप्त किया गया और उसके और फरियादी के बैंक लेन देन की जानकारी जप्त की जाकर माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनूपपुर श्रीमती माया विश्वलाल की न्यायालय में अंतिम प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। आरोपी को पूर्व में थाना द्वारा मुचलका के आधार पर छोडा गया था किन्तु माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी की जमानत निरस्त करते हुये उसे जिला जेल अनूपपुर भेज दिया गया। प्रकरण की पैरवी शासन की ओर से जिला लोक अभियोजक पुष्पेन्द्र कुमार मिश्रा ने की।

# शिव मारुति युवा संगठन ने 51 पौधे लगाकर देखभाल की ली शपथ






**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस पर शिव मारुति युवा संगठन ने लगाए 51 पौधे, साथ ही संगठन के सदस्यों ने लगाए गए सभी पौधों की देखभाल करने की जिम्मेदारी ली तथा नगर के अलग-अलग स्थानों पर वृक्ष लगाने का संकल्प लिया। अनूपपुर के सामतपुर के त्रिमूर्ति मढिया धाम में विश्व पर्यावरण दिवस पर शिव मारुति युवा संगठन ने विशेष पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। संगठन के सदस्यों ने मिलकर 51 पौधे लगाए।जिसमें पीपल, आम, बरगद, नीम, बेल, जामुन के पौधे शामिल हैं। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों ने एक-एक पौधे को गोद लिया। साथ ही उन्होंने इनकी देखभाल का संकल्प लिया। संगठन के सदस्यों का कहना है कि पेड़-पौधे जीवन का आधार हैं। अगर आज इनकी रक्षा नहीं की गई तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ हवा और हरियाली नहीं मिलेगी। कार्यक्रम में शिव मारुति युवा संगठन ने भविष्य में और स्थानों पर पौधरोपण अभियान चलाने की घोषणा की है।

# निगौरा में रेलवे अंडरब्रिज बना समस्या का सबब

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



ग्राम पंचायत निंगोरा में बने रेलवे अंडरब्रिज क्रमांक 45 पर भारी बारिश के दौरान जलभराव की गंभीर समस्या सामने आई है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम पंचायत निंगोरा की सरपंच कुसुम बाई द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर मंडल के नाम भेजे गए पत्र में उल्लेख किया गया है कि बीते वर्षों में बने इस अंडरब्रिज पर हल्की बारिश में भी लगभग 3–4 फीट तक पानी भर जाता है, जिससे स्थानीय स्कूली छात्र-छात्राओं, बुजुर्गों एवं आम ग्रामीणों का आना-जाना पूर्णतः बाधित हो जाता है। ग्रामीणों को रोजमर्रा के कार्य, विद्यालय जाने वाले बच्चों और मरीजों के अस्पताल पहुंचने में भारी परेशानी होती है। ग्राम पंचायत द्वारा इस समस्या के संबंध में पूर्व में भी आवेदन भेजा गया था, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला गया है। सरपंच कुसुम बाई ने रेलवे प्रशासन से मांग की है कि अंडरब्रिज के जलनिकासी की उचित व्यवस्था की जाए और वहाँ की नियमित सफाई व रखरखाव सुनिश्चित किया जाए, ताकि बारिश के दिनों में पानी की निकासी सुचारु रूप से हो सके और ग्रामीणों को राहत मिले। उन्होंने यह भी आग्रह किया है कि जब तक स्थायी समाधान नहीं होता, तब तक अस्थायी रूप से जलनिकासी पंप या वैकल्पिक रास्ते की व्यवस्था की जाए, जिससे स्कूली छात्र एवं आमजन सुरक्षित रूप से आवाजाही कर सकें।

# केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री ने केन्द्रीय शिक्षा मंत्री को लिखा पत्र

### जनजातीय विवि बीटेक शुरू करने मांगी अनुमति

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

तकनीकी शिक्षा के माध्यम से आदिवासी युवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री दुर्गादास उइके ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को पत्र लिखकर इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, अमरकंटक में वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2025 से ही पाँच बी.टेक. पाठ्यक्रमों को शुरू करने की विशेष अनुमति प्रदान करने का अनुरोध किया है। पिछले 16 वर्षों से महाकौशल अंचल के आदिवासी बहुल जिलों अनूपपुर, डिंडोरी, मंडला, उमरिया, बैतूल, हरदा सहित कुल 20 जिलों के हजारों छात्र इंजीनियरिंग की शिक्षा से वंचित हैं। समय-समय पर यह माँग उठती रही है कि इस विश्वविद्यालय में वन-उत्पाद, कृषि आधारित फूड प्रोसेसिंग, पारंपरिक वन औषधियों से लेकर बायोमेडिकल इंजीनियरिंग, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, क्वांटम कंप्यूटिंग, सूचना प्रौद्योगिकी और खनन जैसे क्षेत्रों से जुड़ी बी.टेक. डिग्री प्रदान की जाए। इन पाठ्यक्रमों की शुरुआत से न केवल युवाओं को स्थानीय संसाधनों और नवाचार के माध्यम से स्वावलंबन का मार्ग मिलेगा, बल्कि क्षेत्रीय विकास को भी नई दिशा मिलेगी। स्ववित्तपोषी मोड में इन पाठ्यक्रमों को आरंभ करने हेतु मंत्री उइके ने यह पहल की है।

### अकादमिक परिषद ने फरवरी 25 में दी थी पाठ्यक्रमों को स्वीकृति


दुर्गादास उइके
DURGADAS UIKEY



इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय की अकादमिक परिषद द्वारा फरवरी 2025 में निम्नलिखित पाँच बी.टेक. पाठ्यक्रमों को स्वीकृति दी गई जिसमें बी.टेक.बायोमेडिकल एंड रोबोटिक इंजीनियरिंग, बी.टेक. कंप्यूटर साइंस एंड आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस इंजीनियरिंग, बी.टेक.फूड टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट, बी.टेक. सूचना प्रौद्योगिकी और इंजीनियरिंग तथा बी.टेक. माइनिंग इंजीनियरिंग शामिल है। 26 मई को विश्वविद्यालय ने इन पाठ्यक्रमों में इस सत्र से ही प्रवेश हेतु शिक्षा मंत्रालय को औपचारिक प्रस्ताव भेजा है। जिसमें एआईसीटीई के दिशा-निर्देशों के अनुरूप बी.वॉक. पाठ्यक्रमों से जुड़े छात्रों को बी.टेक के सातवें सेमेस्टर में लेटरल एंट्री देने का भी प्रस्ताव रखा है, ताकि व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त कर रहे युवाओं को मुख्यधारा में प्रगति का सुव्यवस्थित मार्ग मिल सके।

### प्रधानमंत्री जनजातीय समुदायों के प्रति संवेदनशील

पूर्व विभागीय संगठन मंत्री, एबीवीपी एवं आदिवासी युवा नेता मोरध्वज पैकरा ने कहा कि भारत सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जनजातीय गौरव और आदिवासीयों के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। विश्वविद्यालय में इन पाँच बी.टेक. पाठ्यक्रमों की शुरुआत एक ऐतिहासिक और निर्णायक कदम है, जो तकनीकी रूप से आदिवासी युवाओं को सशक्त करेगा। मोरध्वज ने आगे कहा कि अब तक विश्वविद्यालय में इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम न होने के कारण आदिवासी युवाओं को पलायन, आर्थिक कठिनाई और अवसरों के अभाव का सामना करना पड़ता था, जबकि उनके पास भरपूर प्रतिभा है। दुर्गादास उइके द्वारा शिक्षा मंत्री को भेजे गए इस विशेष अनुरोध पत्र ने एक अत्यंत आवश्यक और तात्कालिक जनहित के विषय की ओर सरकार का ध्यान खींचा है। मोरध्वज ने यह भी बताया कि यह प्रस्ताव शीघ्र ही उच्च शिक्षा सचिव के माध्यम से स्वीकृत हो सकता है और विश्वविद्यालय स्तर पर लिखित प्रवेश परीक्षा आयोजित कर जुलाई 2025 से ही इन पाँच पाठ्यक्रमों में प्रवेश की स्वर्णिम अवसर छात्रों को प्राप्त हो सकती है।

# प्रन्युस व वन विभाग की टीम ने सपेरों से 8 सांपों को किया रेस्क्यू

### अंधविश्वास को बढ़ावा दे रहे सपेरों को चेतावनी



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** सांप का खेल दिखाकर लोगों का मनोरंजन कर अंधविश्वास को बढ़ावा देने का कार्य करते सपेरों को प्रनयुस की टीम द्वारा रेस्क्यू किया गया।विदित हो कि ग्राम पंचायत भेजरी के ददरा टोला ग्राम में छत्तीसगढ़ से आए हुए सपेरों के द्वारा अपना अस्थाई झोपड़ी बनाकर पड़ोसी ग्रामों में लगातार सांप का खेल दिखाया जा रहा था। गांव के कुछ जागरूक नागरिकों को इस विषय में पता चला तो उन्होंने बड़ी सजगता से प्रनयुस की टीम को सूचित किया, संस्था के सदस्यों और वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंच कर सपेरों से कुल 8 सांपों का रेस्क्यू किया और सपेरों को समझाया कि ऐसा करना गैरकानूनी व गैरमानवीय है इसलिए आजीविका का कोई और साधन चुने और एक सम्मानित जीवन जी सकें। साँपों को मारना, पकड़ना तथा खेल प्रदर्शन करना गैरकानूनी वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत सांपों को पकड़कर खेल दिखाना पूर्णतः गैर कानूनी है, साथ ही, सांपों को शिकार करना या अवैध रूप से व्यापार करना अपराध माना जाता है। इस अधिनियम के तहत उल्लंघन करने पर सजा का प्रावधान है, जिसमें जेल और जुर्माना शामिल है। यह अधिनियम वन्य जीवों के साथ ही सरीसर्पों के संरक्षण व संवर्धन पर जोर देती है ताकि जैव विविधता को बेहतर बनाया जा सके ।प्रणाम नर्मदा युवा संघ का सर्पदंश जागरूकता एवं अंधविश्वास निवारण कार्यक्रम। विदित हो कि अनूपपुर जिले की सक्रिय सामाजिक संस्था प्रनयुस द्वारा सर्पदंश बचाव प्रकल्प के माध्यम से सर्पदंश पश्चात होने वाली घटनाओं को कम करने के लिए लगातार सर्पदंश जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर गांव गांव में लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसे प्रकल्प के माध्यम से सर्पदंश की सैकड़ों घटनाओं में लोगों की जान बची है साथ ही लोगों में जागरूकता आने की वजह से अंधविश्वास कम हुआ है। प्रनयुस के स्वयंसेवक व सर्प प्रहरियो द्वारा लगभग 2000 से अधिक सांपों का रेस्क्यू कर जंगलों में स्वतंत्र विचरण के लिए छोड़ दिया गया है।वन विभाग का विशेष सहयोगअमरकंटक रेंज के रेंज अधिकारी वीरेंद्र श्रीवास्तव, पोड़ी और भूडाकोना के डिप्टी रेंजर जमुना मार्को द्वारा लगातार वन्यजीव संरक्षण के लिए सक्रियता से कार्य किया जा रहा है, जो कि सराहनीय है। अमरकंटक वन क्षेत्र के वन अधिकारियों द्वारा वनों से संबंधित घटनाओं में तत्परता से एक्शन लिया जा रहा है। उक्त घटना क्रम में भी वन विभाग के अमरकंटक रेंज अधिकारी वीरेंद्र श्रीवास्तव की उपस्थिति में सर्पों को स्वतंत्र विचरण के लिए जंगल में छोड़ा गया।